

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 275 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 30 जुलाई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर — लोगों को आज भी अपने मेहनत के पैसों को लेने करनी पड़ रही मशक्कत

भाजपा युवा मोर्चा का नव मतदाता महासंपर्क अभियान शुरू — पेज -8 पर


1 अगस्त से शुरू होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

## रायपुर में काली पट्टी बांधकर जूनियर डॉक्टर्स का अजीब प्रदर्शन !



**रायपुर।** राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में 1 अगस्त से स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा सकती है. काली पट्टी बांधकर इलाज कर रहे जूनियर डॉक्टर्स मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अस्पताल में पिछले कुछ दिनों से जूनियर डॉक्टर हाथों में काली पट्टी बांधकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं. जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग के लिए शांतिपूर्ण विरोध करने का तरीका अपनाया है. लेकिन 1 अगस्त से जूनियर डॉक्टर का प्रदर्शन उग्र होने वाला है. सभी जूनियर डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे. जिससे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाएगी. जनवरी में प्रदर्शन के बाद मिला था आश्वासन- जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर पिछले कई महीनों से नाराज चल रहा है. जनवरी में भी जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल की थी. हड़ताल के दौरान जूडा ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को ज्ञापन भी सौंपा था. जिसके बाद मांग पूरी होने का आश्वासन शासन की तरफ से मिला था. 6 महीने बीतने के बाद भी मानदेय में बढ़ोतरी ना होता देख एक बार फिर जूडा प्रदर्शन के मूड में हैं. पिछले पांच दिनों से जनियर डॉक्टर काली पट्टी बांधकर अस्पतालों में मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

3000 जूनियर डॉक्टर पढ़ाई के साथ अस्पताल में दे रहे सेवाएं- प्रदेश में जूनियर डॉक्टर की संख्या 3000 है. जो प्रदेश के अलग-अलग जिले के सरकारी कॉलेजों में पढ़ाई के साथ अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## कार के अंदर जिंदा जल गया युवक

### हादसे के बाद लगी थी आग, चालक की मौत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शनिवार देर रात एक शख्स की कार के अंदर जलकर मौत हो गई। सड़क हादसे के बाद कार में भीषण आग लग गई, जिसके बाद युवक वहीं फंस गया और कार के अंदर ही जिंदा जलकर उसकी मौत हो गई। पूरी घटना धनेली धुसेरा मार्ग की है।

हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अधजली कार की नंबर प्लेट से गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर निकाला। इसके बाद कार मालिक के परिजनों से संपर्क किया तो पता चला कि, कार चंद्रशेखर सिंह नाम का व्यक्ति चला रहा था। पेशे से वह ट्रांसपोर्टर था। चंद्रशेखर देर रात घर लौट रहा था तभी वह हादसे का शिकार हो गया। हादसे में गाड़ी के साथ जलकर चंद्रशेखर की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है।

### एक नजर

#### मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन ने सौजन्य मुलाकात की। गौरतलब है कि श्री देवांगन को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ 'राजीव युवा मितान क्लब योजना' के राज्यस्तरीय संचालन, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए समन्वयक नामांकित किया गया है। मुख्यमंत्री ने श्री देवांगन को उनके नवीन दायित्वों के लिये बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

#### महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस 2 अगस्त को आएंगे रायपुर

सर्वसमाज करेगा अभिनंदन



**रायपुर।** हमर सियान -हमर अभिमान मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस का सर्वसमाज की ओर से 2 अगस्त को रायपुर में नागरिक अभिनंदन किया जाएगा. यह कार्यक्रम बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में दोपहर 12 बजे से रखा गया है. हमर सियान हमर अभिमान मंच आयोजन समिति के संयोजक पद्मश्री डॉ. एटी दाबके ने बताया, कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारी चल रही है।

## जेपी नड्डा की नई टीम में छत्तीसगढ़ के रमन सिंह सहित इन दो महिला नेत्रियों को मिली जगह, बने उपाध्यक्ष

*रायपुर। आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषणा कर दी है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और छत्तीसगढ़ की दो महिला नेत्रियों सरोज पांडेय और लता उसेंडी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।*



पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के बाद छत्तीसगढ़ की अन्य नेत्रियों को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। इसमें राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय और पूर्व मंत्री लता उसेंडी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। सरोज पांडेय का कद बढ़ाकर उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले सरोज पांडेय राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी संभाल रही थी। वहीं भाजपा सरकार में मंत्री रहीं लता उसेंडी को पहली बार राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह मिली है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की है। इसके अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर बरकरार रहेंगे।

भारतीय जनता पार्टी ने अपने केंद्रीय पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की नई टीम के लिए 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्षों और आठ महामंत्रियों के नाम का एलान किया गया है। लता उसेंडी भाजपा की सक्रिय नेत्री हैं। जो कि डा. रमन सिंह की सरकार में छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी हैं । वह भाजपा के उम्मीदवार के रूप में कोंडागांव निर्वाचन क्षेत्र से राज्य विधानसभा के लिए विधायक चुनी गई थीं।

## बड़े पैमाने पर आई ए एस अफसरों का तबादला

रायपुर। छत्तीसगढ़ में इन दिनों तबादलों का दौर जारी है. राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों और IG के बाद अब IAS का ट्रांसफर हुआ है. बड़े पैमाने पर IAS अफसरों का तबादला हुआ है. सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादला आदेश जारी किया है।



जारी आदेश के मुताबिक कोरबा कलेक्टर संजीव झा को बिलासपुर कलेक्टर बनाया गया है. वहीं बिलासपुर कलेक्टर सौरभ कुमार को कोरबा की जिम्मेदारी दी गई है. इसके अलावा कई अन्य विभाग के सचिव भी बदले गए हैं.

सामान्य प्रशासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक ढ्ढस् अमृत खलखो को समाज कल्याण विभाग के सचिव के साथ ही सचिव राज्यपाल बनाया गया है. अलरमेलमंगई डी. को श्रम विभाग का सचिव बनाया गया है. अंकित आनंद को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव वित्त विभाग एवं पेंशन निराकरण समिति ऊर्जा विभाग का प्रभार दिया गया है। यशवंत कुमार को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य मंडी बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जनक प्रसाद पाठक को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आयुक्त नगर तथा ग्राम निवेश का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। भीम सिंह को श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ के पद पर पदस्थ किया गया है। के.डी. कुंजाम को आयुक्त बिलासपुर संभाग बनाया गया है। रमेश कुमार शर्मा को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ नियंत्रक खाद्य एवं औषधी प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## हैलो जिंदगी अभियान के तहत, पुलिस ने तस्करों के खिलाफ की ताबड़तोड़

**रायपुर।** रायपुर में युवाओं को नशे की लत से बचाने पुलिस महीने भर से हैलो जिंदगी जन जागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम तथा एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले तस्करों व विक्रेताओं के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। पुलिस की टीम ने चार अलग अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए पांच तस्करों के कब्जे से भारी मात्रा में शराब, नशीली टेबलेट तथा गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक आरंग थाना क्षेत्र में 60 हजार रुपए कीमत की 480 पौवा देशी शराब जब्त करते हुए आरंग निवासी केशव दास वैष्णव को गिरफ्तार किया है। और केशव शराब महासमुंद से तस्करी कर कार से रायपुर ला रहा था। इसी तरह पुलिस ने माना थाना क्षेत्र के केंद्रीय रेलवे क्रॉसिंग के पास संजय बंजारे तथा खोमेश सिन्हा के कब्जे से 15 हजार रुपए कीमत का डेढ़ किलो गांजा जब्त किया। पुलिस की टीम ने शराब, गांजा जब्ती की कार्रवाई के साथ ही पंडरी थाना क्षेत्र के सिवनी स्थित साइंस सेंटर के पास अली हैदर के कब्जे से 16 हजार रुपए कीमत की चार सौ नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त की है। जबकि गोलबाजार थाना क्षेत्र के नयापारा में पुलिस ने फिरोज खान के कब्जे से छह हजार रुपए कीमत की 150 नग नशीली टेबलेट जब्त की है।



*मणिपुर के साथ स्मृति ईरानी के छत्तीसगढ़ का जिक्र करने पर सीएम बघेल को आपत्ति*

## यह ध्यान भटकाने के लिए है, दोनों राज्य की घटनाओं की नहीं हो सकती तुलना

*रायपुर। मणिपुर के मामले में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का छत्तीसगढ़ का जिक्र बार-बार किए जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह ध्यान भटकाने के लिए है. छत्तीसगढ़ में जो घटना घटी है, उसकी कोई तुलना मणिपुर की घटना से नहीं की जा सकती है.*



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मणिपुर के साथ छत्तीसगढ़ का जिक्र जानबूझकर किया जा रहा है. जो इलेक्शन गोइंग स्टेट है, उसका नाम लेने के पीछे उद्देश यही है कि एक तीर से दो निशाना लगाया जाए, लेकिन वो असफल हैं. प्रधानमंत्री भी यही कर रहे थे, राजस्थान और छत्तीसगढ़ का नाम लिए थे. मणिपुर में डबल इंजन की सरकार है, लेकिन 99 दिन हो गया है उसमें वो कुछ कर नहीं पा रहे हैं.


मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्यूमन राइट ग्रुप मणिपुर नहीं जा रहा बल्कि छत्तीसगढ़ आ रहा है. उनका यहां स्वागत है, लेकिन वो मणिपुर तो जाए. दूसरी बात यह है कि केंद्र सरकार वीडियो वायरल करने वाले को खोज रही है, तो यह गलत दिशा में प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि बीस सांसद आज मणिपुर रवाना हुए हैं. लोकसभा-राज्यसभा दोनों बाधित है. प्रधानमंत्री को हठधर्मिता छोड़कर लोकसभा और राज्यसभा दोनों में जवाब देना चाहिए.

### बीजेपी की नई टीम पर साधा निशाना

***बीजेपी की नई टीम पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अभी तो कार्यकारिणी में धरम लाल कौशिक को भी थोड़े दिन पहले लिए थे. चुनाव को देखते हुए इन लोगों का कद थोड़ा बढ़ाया गया है. लता उसेंडी भी डॉक्टर रमन सिंह के मंत्रिमंडल में रही हैं, सरोज पांडे की अपनी पहचान है. और छत्तीसगढ की किसी घटना की तुलना मणिपुर से नहीं की जा सकती है,***

## युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में छाए छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी

बेहतर कार्य के लिए राष्ट्रीय पदाधिकारियों के हाथों मिला सम्मान.



**रायपुर।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन बेहतर भारत की बुनियाद अधिवेशन का आयोजन बेंगलुरु में किया गया. अधिवेशन में छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रदेशों से 3000 से अधिक यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। अधिवेशन के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव कोमल अग्रवाल को सर्वोच्च पदाधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया. अधिवेशन में लगातार तीन दिन तक अलग-अलग विषयों में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण किया गया. तीन दिनों तक अलग-अलग विषयों पर विशेषज्ञों को बुलाकर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण किया गया. इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव कोमल अग्रवाल को प्रदेश में अपने कार्यकाल और सक्रियता को लेकर राष्ट्रीय प्रभारी युवा कांग्रेस कृष्णा अल्लावरु ने सम्मानित किया गया. कोमल अग्रवाल पिछले चुनाव में प्रदेश महासचिव के रायपुर शहर से सबसे ज्यादा वोट पाने वाले प्रथम दावेदार रहे हैं, और पिछले एक वर्ष में उनके कार्य को लेकर युवा कांग्रेस के सबसे बड़े महा अधिवेशन में उनकी सफलता को लेकर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

लोकार्पण... 13 लाख 25 हजार से अधिक उपभोक्ता कर रहे हैं उपयोग

## मुख्यमंत्री ने मोर बिजली एप के नए वर्जन 2.0 को किया लांच

*रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान 'मोर बिजली एप 2.0' का शुभारंभ किया। मोर बिजली एप के पहले वर्जन को बिजली उपभोक्ताओं का अच्छा प्रतिसाद मिलने के कारण ही नागरिक सेवाओं को विस्तार देते हुए एप के दूसरे वर्जन को तैयार किया गया है। मोर बिजली एप 2.0 के माध्यम से अब उपभोक्ताओं को 36 प्रकार की सेवाएं मिलेंगी।*






मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को इस पहल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को अब मोर बिजली एप के पहले वर्जन से अधिक सुविधाएं घर बैठे ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए मोर बिजली एप दूसरा दफ्तर बन गया है और खुशी की बात है कि बिजली विभाग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां छत्तीसगढ़ी बोली में उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि इस नए एप में हमारी सरकार द्वारा चलायी जा रही बिजली बिल हाफ योजना अंतर्गत उपभोक्ता को योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक बिजली बिल में प्राप्त छूट की राशि के बारे में भी जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही उपभोक्ता छूट की राशि का प्रमाण पत्र भी डाउनलोड कर पायेंगे।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, सांसद श्री दीपक बैज तथा ऊर्जा विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद उपस्थित भी थे।

## नग्न प्रदर्शन करने वालों की जमानत याचिका खारिज

### तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला



**रायपुर।** नग्न प्रदर्शन करने वाले 29 आरोपियों के जमानत आवेदन को कोर्ट ने खारिज कर दिया है. इन सभी को पुलिस ने 18 जुलाई को विधानसभा मार्ग में नग्न प्रदर्शन करते हुए गिरफ्तार किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बंसत की अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया था. उनके अधिवक्ताओं की ओर से कोर्ट में जमानत के लिए आवेदन पेश किया. साथ ही न्यायाधीश को बताया कि उनके पक्षकारों को पुलिस ने झूठे मामले में फंसाया है.

अजाजजा वर्ग फर्जी जाति प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने शांतिपूर्ण आंदोलन किया था. इसे नजर अंदाज करने पर अंतिम विकल्प के रूप में नग्न प्रदर्शन किया गया. जमानत दिए जाने पर सभी जांच में सहयोग करेंगे. अतिरिक्त लोक अभियोजक वर्षा राठौर ने जमानत आवेदन का विरोध करते हुए कहा कि विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विधानसभा मार्ग में निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन किया गया. वहीं पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यव्हार कर सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी वायरल किया गया।

# परिदृश्य: पाकिस्तान में चुनावों पर टिकीं उम्मीदें, अस्थिरता खत्म करने का यही बचा है रास्ता

पाकिस्तान में लोकतंत्र को बनाए रखने की दिशा में उम्मीद की किरण साफ दिखने लगी है। दरअसल, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने स्पष्ट एलान किया है कि पाकिस्तान में नवंबर में आम चुनाव होंगे। अगर ऐसा होता है, तो इससे न सिर्फ वहां लोकतंत्र की रक्षा हो सकेगी, बल्कि वहां चल रहे कई संघर्षों का भी अंत हो सकेगा, जिसमें एक तरफ सर्वोच्च न्यायालय और शरीफ सरकार, तो दूसरी तरफ राष्ट्रपति और सरकार के बीच सीधा टकराव शामिल है।

गौरतलब है कि वर्तमान संसद का कार्यकाल आगामी 12 अगस्त को समाप्त हो रहा है। संसदीय चुनावों की तारीख जल्द ही पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा घोषित की जाएगी। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा एक कार्यवाहक सरकार नियुक्त की जाएगी, जो चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार होगी। हालांकि इन चुनावों के स्वतंत्र और निष्पक्ष होने में संदेह है, क्योंकि इन पर सेना और बाहरी ताकतों का असर होना निश्चित है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा पाकिस्तान को एक अरब डॉलर का ऋण स्वीकृत करने का फैसला व्यापक उथल-पुथल वाले इस देश को आर्थिक आपदा से बाहर निकाल सकता है। अगर यह कर्ज न मिलता, तो भारी वित्तीय संकट के बीच चुनाव के बारे में सोचना नामुमकिन होता। इससे पहले शर्तों का पालन करने में इस्लामाबाद की असमर्थता की वजह से आईएमएफ ने बेलआउट पैकेज रोक दिया था। गौरतलब है कि यह 2019 में पाकिस्तान को मिले छह अरब डॉलर (5.34 अरब यूरो) के विशाल बेलआउट पैकेज का हिस्सा है, जिसके साथ आईएमएफ की काफी जटिल शर्तें जुड़ी हुई हैं। स्थापित मानदंडों और पाकिस्तान के घरेलू मामलों में सेना के प्रभुत्व की दशकों पुरानी प्रथा के मुताबिक ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ संसदीय चुनाव जीतने के लिए सेना प्रमुख असीम मुनीर पर निर्भर रहेंगे। इससे पहले भी ऐसा देखा गया था, जब पूर्व सैन्य प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने 2018 में अपने पसंदीदा इमरान खान को पाकिस्तान के 22वें प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लेकिन बाद में उनका अलग



होना ही इमरान खान के पतन की वजह बना। हालांकि फिलहाल युद्ध की रेखाएं खींच दी गई हैं और इमरान खान को सत्ता से बाहर रखने की पटकथा भी स्पष्ट है। नौ मई को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के समर्थकों द्वारा सेना मुख्यालय पर किए गए हमले के आरोप के बाद उनसे छुटकारा पाने में कोई मुश्किल नहीं आने वाली है। इसे शक्तिशाली पाकिस्तानी सेना के इतिहास में काला दिन बताया गया था। किसी अन्य मामले के आधार पर भी

> राजनीतिक अस्थिरता खत्म करने के लिए वहां आम चुनाव अनिवार्य हो गए हैं। शहबाज शरीफ सरकार उन लोगों की रक्षा करने में बुरी तरह विफल रही है, जो अभूतपूर्व महंगाई, बेरोजगारी और ऋण जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

इमरान को अयोग्य ठहराया जा सकता है और इसमें चुनाव आयोग की बड़ी भूमिका होगी। दूसरी ओर, इससे जनरल मुनीर आहत-अपमानित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान के गठन के बाद से किसी भी राजनेता ने सेना पर हमला करने की हिम्मत नहीं की है। सेना को अपना वर्चस्व फिर से स्थापित करने के लिए एक और कठपुतली सरकार की जरूरत है और इमरान की लोकप्रियता इसमें आड़े आ सकती है। वर्तमान प्रधानमंत्री के बड़े भाई और तीन बार प्रधानमंत्री, मुस्लिम लीग (एन) के नेता नवाज शरीफ का पाकिस्तान के भावी राजनीतिक खेल का हिस्सा बनने के लिए लंदन से लौटना तय है। शरीफ बंधुओं द्वारा इमरान खान की पार्टी के खिलाफ भारत विरोधी कार्ड खेलने की भी आशंका है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने इमरान की विगत नौ मई की कार्रवाई को भारत को खुश करने की सुनियोजित साजिश के तौर पर पेश करने की कोशिश भी की है।

वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता खत्म करने और लोगों की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए वहां आम चुनाव अनिवार्य हो गए हैं। शरीफ सरकार उन लोगों की रक्षा करने में बुरी तरह विफल रही है, जो अभूतपूर्व महंगाई, बेरोजगारी और ऋण जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में, नई सरकार उन्हें बचाने के लिए कुछ कदम उठा सकती है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि पाकिस्तान में उथल-पुथल भारत समेत पूरे क्षेत्र के हित में नहीं है, क्योंकि इससे हमेशा सेना द्वारा तख्तापलट की आशंकाएं बढ़ती हैं। समय पर होने वाले चुनाव ही इन आशंकाओं पर विराम लगा सकते हैं। हालांकि पाकिस्तान में इस वक्त लोकतंत्र की हालत नाजुक लग रही है। ऐसे हालात, पाकिस्तान को चीन की तानाशाही के मॉडल के करीब ला सकते हैं, जो भारत के हितों के प्रतिकूल होंगे। पाकिस्तान में अस्थिरता आतंकवादी समूहों को कश्मीर में अपनी सक्रियता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है, क्योंकि ऐसा हिंसक माहौल सेना के लिए अपने इरादों को अंजाम देने के लिए बिल्कुल मुफीद होता है।पाकिस्तान को आईएमएफ ऋण की मंजूरी में अमेरिका की अप्रत्यक्ष भूमिका यह साबित करती है कि वह चाहता है कि इसकी आर्थिक हालत सुधरे, ताकि कुछ हद तक क्षेत्र में चीनी हस्तक्षेप पर अंकुश लगाया जा सके।

यही वजह है कि अमेरिका इन चुनावों का स्वागत करेगा। इमरान खान ने अपने निष्कासन के लिए पहले अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया था, लेकिन बाद में कोई सकारात्मक नतीजा न निकलने की वजह से यू टर्न ले लिया।

अजय बोकिल

## संपादकीय

# प्रगति थम गई है

गुजरे दशकों में जिन कई क्षेत्रों में प्रगति होती नजर आई थी, वहां इसमें ठहराव आ गया है। इस बात की ही मिसाल स्कूलों में लड़कियों के लिए सेनेटरी पैड्स के वितरण के मुद्दे को गंभीरता से ना लिया जाना है।

देश में आम माहौल ऐसा है, जिसमें सामाजिक प्रगति और जन कल्याण के मुद्दे चर्चा से बाहर बने हुए हैं। इस कारण गुजरे दशकों में जिन कई क्षेत्रों में प्रगति होती नजर आई थी, वहां इसमें ठहराव आ गया है। इस बात की ही मिसाल स्कूलों में लड़कियों के लिए सेनेटरी पैड्स के वितरण के मुद्दे का चर्चा से बाहर हो जाना है। अब सुप्रीम कोर्ट ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों के लिए माहवारी स्वच्छता पर एक समान राष्ट्रीय नीति के गठन पर जवाब दाखिल नहीं किया है। सुप्रीम की चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यों की बेंच ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चेतावनी दी है, जो स्कूली लड़कियों के लिए मासिक धर्म से जुड़े स्वच्छता के मुद्दे पर एक समान नीति बनाने के मामले में केंद्र से सहयोग नहीं कर रहे हैं। इन राज्यों ने इस बारे में केंद्र सरकार को अपना जवाब नहीं सौंपा है। अब कोर्ट ने ऐसे राज्यों को 31 अगस्त तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान केंद्र ने कोर्ट को बताया कि अब तक केवल चार राज्यों ने अपना जवाब दिया है। ये राज्य हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश हैं।

# किसान आयोग गठित करने का वक्त , कृषि विशेषज्ञों की हिस्सेदारी बढ़ाने की भी दरकार

महाराष्ट्र में मराठवाड़ा के पूर्व संभागीय आयुक्त सुनील केंद्रेकर द्वारा तैयार एक रिपोर्ट के मुताबिक, अकेले मराठवाड़ा में लगभग एक लाख किसान फसल के नुकसान और अन्य वित्तीय मुद्दों के कारण आत्महत्या करने के बारे में सोच रहे हैं। इस खबर से महाराष्ट्र की राजनीति में हड़कंप मच गया है। यह रिपोर्ट 10 लाख किसानों पर किए गए सर्वेक्षण के बाद आई है। मराठवाड़ा एक सूखाग्रस्त क्षेत्र है, जहां औसतन प्रतिदिन कम से कम एक किसान अपनी जीवन लीला समाप्त कर देता है।

सर्वेक्षण में यह भी पता चला है कि वर्ष 2012 से 2022 की अवधि के दौरान अकेले औरंगाबाद में 8,719 किसानों ने आत्महत्या की है। इसी साल के प्रारंभ में आईएएस अधिकारी और तत्कालीन संभागीय आयुक्त केंद्रेकर ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया है। 1930 के दशक में प्रेमचंद के उपन्यास गोदान में वर्णित भारतीय गांवों की दुर्दशा की परिस्थितियां आज भी मौजूद हैं। देश के लगभग सभी कृषि प्रमुख राज्यों में किसानों की आत्महत्या की जांच करना, कृषि संकट का निदान करना और वर्तमान उत्पादन केंद्रित कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति से अलग नवीन आर्थिक और प्रबंधन समाधान निर्धारित करने की आवश्यकता है। समस्या की जड़ में वैश्वीकरण व निगमीकरण के साथ उदारीकृत बाजार आधारित अर्थव्यवस्था की प्रमुख भूमिका है।



> किसानों के हित में किसान आयोग का गठन तो हो ही, कृषि मूल्य आयोग जैसे उपक्रमों में कृषि विशेषज्ञों की हिस्सेदारी भी बढ़ाई जाए।

किसानों की आत्महत्याओं का बेहिसाब सिलसिला वस्तुतः 1995 के बाद शुरू हुआ। उससे पूर्व आपसी पारिवारिक कलह अथवा अवसाद और भयंकर रोग से ग्रस्त ग्रामीणों की आत्महत्या के समाचार ही आते थे। राजनीतिज्ञों, नौकरशाहों, व्यापारियों और उद्योगपतियों का गठजोड़ यह देखने में क्यों विफल है कि देश के कमेरे (श्रमिक) वर्ग ने सामूहिक रूप से पलायन किया है? कुल जनसंख्या में कृषक आबादी का अनुपात तेजी से घट रहा है और जो लोग अब भी अपनी खेती को बचाने के लिए 'हल' पकड़े हुए हैं, उनमें से 40 फीसदी पहले अवसर पर पलायन करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वर्ष 2014-15 के बाद से किसानों के बीच आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ने से न केवल यह आम धारणा खारिज हुई कि किसान, संकट से उबरने की राह पर हैं, जैसी कि सरकारी विज्ञप्तियों में घोषणा होती रहती है, बल्कि यह धारणा भी खंडित हुई कि सिचाई, ग्रामीण सड़कों पर सार्वजनिक व्यय में वृद्धि और कृषि विकास व कृषि निवेश में बढ़ोतरी के लाभों से किसानों की पीड़ाएं कम हुई हैं।

बंगलूरू स्थित एक अखिल भारतीय संस्था के अध्ययन से पता चला है कि संकट में मुख्य रूप से छोटे और सीमांत किसान हैं। आत्महत्या करने वाले किसानों की कृषि जोत के आकार से पता चला है कि मध्य प्रदेश और हरियाणा को छोड़कर सभी प्रमुख राज्यों में छोटे और सीमांत किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं, जहां आत्महत्या करने वालों में मध्यम और बड़ी जोत वाले किसानों का प्रतिशत क्रमशः 53 और 87 तक है। एनएसएस की 77वें दौर की रिपोर्ट के अनुसार, किसानों के पास औसतन 0.512 हेक्टेयर भूमि दर्ज की गई है। देश के आधे से ज्यादा किसानों पर कर्ज है। आंध्र व तेलंगाना के 90 फीसदी से ज्यादा किसान कर्जदार हैं। हर किसान पर औसतन 2.45 लाख रुपये कर्ज है। एक रोचक तथ्य यह भी है कि उत्तर-पूर्व के राज्यों में केवल 20 फीसदी किसान ही कर्जदार हैं।खेती-बाड़ी लगातार घाटे का सौदा साबित हो रही है। नेशनल सैंपल सर्वे की एक रिपोर्ट के अनुसार, किसान परिवारों को फसल से औसतन महज 3,798 रुपये की मासिक आय होती है, जिसमें से 2,959 रुपये वह पहले ही फसल पर खर्च कर चुका होता है, यानी उसके हाथों में औसतन महीने में मात्र 839 रुपये ही आते हैं। लिहाजा बढ़ती अर्थव्यवस्था को स्थायी बनाए रखने के लिए समग्र विचार एवं क्रियान्वयन की आवश्यकता है।

## मिला जुला

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव चौबे पहुंचे रायगढ़ प्रवास पर

### गोपालपुर में निर्मित अमृत सरोवर और तालाब गहरीकरण कार्य को देखा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अशोक चौबे दो दिवसीय प्रवास के दौरान 28 जुलाई को रायगढ़ आये थे। इस दौरान वे जिले में मिशन उत्कर्ष की समीक्षा करते हुए विभागीय योजनाओं के साथ-साथ जिले में निर्मित अधिकतम अमृत सरोवरों का निरीक्षण किए। संयुक्त सचिव अशोक चौबे जनपद पंचायत रायगढ़ में चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत गोपालपुर में निर्मित अमृत सरोवर रायगढ़ और तालाब गहरीकरण, ग्राम पंचायत एकताल पुसौर में चल रहे कार्यों को देखा और सराहना की। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए अमृत सरोवर की रख-रखाव के विशेष निर्देश दिए। तत्पश्चात संयुक्त



**जनपद पंचायत रायगढ़ में चल रहे विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण**

**जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए अमृत सरोवर के रख-रखाव के दिए निर्देश**



सचिवचौबे ने ग्राम पंचायत जुर्डा में पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मियांवाकी पद्धति से किए जा रहे वृक्षारोपण कार्य को देखा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से किए जा रहे इस अनूठे कदम की प्रशंसा की और रोपित पौधों की सुरक्षा के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि भारत सरकार द्वारा देश के 10 राज्यों से 10 जिलों को मिशन उत्कर्ष अंतर्गत चयनित किया गया है। जिसमें प्रदेश का एकमात्र जिला रायगढ़ भी शामिल है। मिशन उत्कर्ष अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के केपीआई को शामिल किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अशोक चौबे का रायगढ़ प्रवास का उद्देश्य था कि रायगढ़ जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में विभिन्न सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक महत्वाकांक्षी योजनाओं का परिणाम उन्मुख एवं निर्देशानुसार क्रियान्वयन हो रहा है या नहीं इसका निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश देना था। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नीलाराम पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुसौर महेश पटेल, जिला पंचायत सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा राजेश शर्मा, जिला तकनीकी समन्वयक आशुतोष श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# चोरी की 62 किलो छड़ के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस ने भेजा रिमांड पर

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।

कोतवाली पुलिस ने दीनदयाल कॉलोनी के वार्ड कार्यालय से लोहे की छड़ चुराने वाले 3 आरोपियों को आज मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।




सरिया (छड़) चोरी को लेकर प्रायवेट कंस्ट्रक्शन का कार्य करने वाले नितेश ठेठवार निवासी लालटंकी चौंक द्वारा 27 जुलाई को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि नगर निगम से वार्ड क्रमांक 6 में नाली कार्य के लिये शौर्य कंस्ट्रकशन को कार्य मिला है वार्ड में ऋष्ट नाली का कार्य चल रहा है, जिसका छड, सिमेंट आदि समान को वार्ड कार्यालय के अंदर ताला बंद करके रखा गया था जिसके छड बंडल 26-27 जुलाई की रात्रि कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी करके ले गया था। मामले में कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपी पर नकबजनी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

मुल्जिम पतासाजी दौरान थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना मिला कि तीन लड़के- आकाश चौहान, शुभम यादव और मनीष जाटवर मिलकर वार्ड कार्यालय में रखे सरिया की चोरी बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं । सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर तीनों संदेहियों को पकड़ा गया तीनों से पृथक पृथक पूछताछ करने पर वार्ड पार्षद कार्यालय दीनदयाल कॉलोनी से 26-27 जुलाई की रात्रि में सरिया चोरी करना कबूल किये, आरोपियों के मेमोरेंडम पर कुल 62 किलो सरिया कीमत करीब ?5000 जब्ती कर आरोपी ङ्क (1) आकाश चौहान पिता हेमसागर चौहान उम्र 25 साल निवासी आशीर्वाद कॉलोनी वार्ड नंबर 6 ढिमरापुर चौक थाना कोतवाली रायगढ़ (2) शुभम यादव पिता रविशंकर यादव 22 साल निवासी रामभांठा चर्च के आगे थाना कोतवाली (3) मनीष जाटवर और पिता सरजून जाटवर उम्र 21 साल रामभांठा जयस्तंभ चौक थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । माल मुल्जिम आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव, आरक्षक जगमोहन लाल ओग्रे, संदीप मिश्रा, उत्तम सारथी की अहम भूमिका रही है ।

### तमिलनाडु में बड़ा हादसा

# पटाखा के गोदाम में विस्फोट से 8 लोगों की मौत, 10 जख्मी

चेन्नई। तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में शनिवार को एक पटाखा गोदाम में विस्फोट में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए. अधिकारियों के अनुसार, गोदाम में पांच और लोगों के फंसे होने की बात कही जा रही है।



अग्निशमन और बचाव सेवाएं जिला पुलिस के साथ संयुक्त रूप से अभियान चला रही हैं. कृष्णागिरि पुलिस अधिकारियों ने मीडिया से पुष्टि की कि बचाव अभियान जारी है और पीड़ितों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है. पीड़ितों की पहचान करने की कोशिश जारी है.मंगलवार को विरुधुनगर जिले के शिवकाशी में एक पटाखा यूनिट में विस्फोट में दो महिला मजदूरों की जान चली गई.

# लतीफ मोहम्मद मणिपुर दौरे पर विपक्षी सांसदों का प्रतिनिधिमंडल, गौरव गोगोई बोले- कहां शांति बहाल हुई?




**इंफाल।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (INDIA) के घटक दलों के 21 सांसद शनिवार सुबह हिंसा प्रभावित मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। ये सांसद जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में जमीनी स्थिति का आकलन करेंगे। यह प्रतिनिधिमंडल अपने आकलन के अनुसार मणिपुर की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और संसद को सुझाव देगा।

# भारत को नई संभावनाओं की नर्सरी के रूप में देख रही है दुनिया: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रगति मैदान में अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया।

इस मौके पर उन्होंने पीएम श्री योजना की पहली किस्त भी जारी की। साथ ही प्रधानमंत्री ने 12 भारतीय भाषाओं में 100 किताबों का विमोचन भी किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य भारत को रिसर्च एवं इनोवेशन का केंद्र बनाना है।' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भारत को नई संभावनाओं की 'नर्सरी' के तौर में देख रही है और अपने यहां IIT परिसर खोलने के लिए हमसे लगातार संपर्क कर रही है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पारंपरिक शिक्षा प्रणाली और भविष्य की प्रौद्योगिकियों को समावेशित किया गया है। ताकि



देश के हर वर्ग के युवाओं को एक समान मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क तैयार हो चुका है और इसे जल्द ही लागू भी किया जाएगा। इससे देशभर में CBSE स्कूलों में एक समान सिलेबस होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि NCIRT नई पाठ्य पुस्तक और पाठ्क्रम तैयार हो रही है। इसी तरह तीसरी कक्षा से 12वीं क्लास तक की 130 विषयों की नई पुस्तकें आ रही हैं। ये पुस्तकें 22 क्षेत्रीय भाषाओं में होंगी। जिससे छात्र अपनी स्थानीय भाषाओं में भी पढ़ाई कर सकेंगे। इससे इनके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी और उनकी प्रतिभा सामने आएगी।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, रविवार 30 जुलाई 2023

विद्युत संयंत्र, मेडिकल कॉलेज, ई-लाइब्रेरी सहित स्वामी आत्मानंद कॉलेज की सौगात

# हम सभी कर रहे छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा, विकास की राह में तेजी से आगे बढ़ रहा हमारा छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री ने कोरबावासियों को दी 13,356 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात







जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कोरबावासियों को 13,356 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। शहर के डॉ. अंबेडकर ओपन ऑडिटोरियम के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 12915 करोड़ रूपए की लागत से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी हसदेव ताप विद्युत गृह की नवीन सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना 2 म 660 मेगावॉट कोरबा, पश्चिम की आधारशिला रखी और 325 करोड़ की लागत से बनने वाले स्वर्गीय बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय और विभिन्न विभागों के अंतर्गत किए जा रहे 72 विकास कार्यों का भी लोकार्पण, भूमिपूजन किया। इस दौरान यहां एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कोरबा, ऊर्जा की राजधानी है। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने वर्ष 1957 में यहां बिजली प्लांट की शुरूआत की थी। उन्होंने जिलेवासियों को अब तक के सबसे बड़े 1320 मेगावाट के पावर प्लांट के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोरबा जिले में स्थापित होने वाले नवीन सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना 2 म 660 मेगावॉट का नामकरण देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के नाम पर रखने की मांग आई है। चूंकि स्व. राजीव गांधी संचार क्रांति के प्रणेता थे, पंचायती राज का सपना देखने वाले थे और देश को 21वीं सदी में ले जाना चाहते थे, इसलिए नवीन प्लांट का नाम ऐसे महान विभूति के नाम पर करने की घोषणा करता हूं। बघेल ने आगे कहा कि यहां संयंत्र स्थापित करने के लिए पर्यावरण विभाग की अनुमति और कोयले की अनुमति मिल चुकी है। सारी प्रक्रिया बहुत तेजी से हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 तक इसे शुरू कर लेंगे, ऐसा विश्वास है। बघेल ने कहा कि बिजली की खपत प्रति व्यक्ति सबसे ऊपर है, देश में सबसे ज्यादा है। राज्य में 42 लाख परिवार को आधा रेट में 400 यूनिट तक बिजली दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों को 12357 करोड़ की सब्सिडी उपलब्ध कराई है। बिजली विभाग इस मामले में लगातार समर्पित है। अब बिजली उत्पादन बढ़कर 4300 मेगावाट हो जाएगी। साथ ही हम सोलर उर्जा पर भी काम कर रहे हैं, पन बिजली पर भी काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हम सभी छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा कर रहे हैं। हमारा छत्तीसगढ़ विकास की राह में तेजी से बढ़ रहा है। कोरबा जिले को आज इतनी बड़ी सौगात मिली है, इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। उन्होंने मंच से मोर बिजली एप 2.0 का लांच किया और कहा कि यह छत्तीसगढ़ी भाषा का पहला एप है। इस एप से बिजली संबंधी शिकायतें और अन्य समस्याओं का समाधान आसानी से होने लगा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि एक ही जिले को 13 हजार करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिली है, जो अन्य किसी जिले को एक ही दिन में नहीं मिली है। मुख्यमंत्री के कामों ने पूरे देश में छत्तीसगढ़ को नई पहचान दिलाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री सहित जिलेवासियों को बिजली संयंत्र के लिए बधाई दी। महंत ने नये बिजली संयंत्र को पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के नाम पर करने की मांग भी की। डॉ.महंत ने मेडिकल कालेज का नामकरण उनके पिताजी स्व. बिसाहू दास महंत के नाम पर करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने कहा कि राज्य में विकास के काम पूरे हो रहे है। संवेदनशील मुख्यमंत्री ने छतीसगढ़ में विकास कार्यों से एक पहचान बनाई है। आज पॉवर प्लांट का भूमिपूजन हुआ है, सुपरक्रिटिकल पॉवर प्लांट में अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल होने से प्रदूषण कम होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में कोयले से बिजली नहीं बल्कि पानी से बिजली बनाई जाएगी और छतीसगढ़ में पांच ऐसी पन बिजली परियोजनाएं बनाने की योजना है। अगले महीने तक राज्य में ट्रांसफॉर्मस की कमी भी पूरी कर ली जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कोरबा मेडिकल कॉलेज के भवन का काम भी दो-ढाई साल में पूरा कर लिया जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पंजीयन और पुनर्वास मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जिले में विकास कार्यों की सौगात के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने जिले के विकास के लिए हवाई पट्टी का उन्नयन, अंडर ग्राउण्ड वायरिंग, एल्युमिनियम पार्क की स्थापना तथा दर्री में एसडीएम कार्यालय सहित कई मांगे भी रखी। जिले के प्रभारी मंत्री



**नवीन सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत सयंत्र का नामकरण देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के नाम पर करने की मुख्यमंत्री ने की घोषणा**

और नगरीय प्रशासन, विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि हमारी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। किसानों का कर्ज माफ किया गया। श्रमिकों के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने आज कोरबा जिले को मिली अरबों रूपए के विकास कार्यों की सौगात पर बधाई और शुभकामनाएं दी। सांसद दीपक बैज ने कहा कि कोरबा में आज विकास की नई गाथा लिखी गई। पॉवर प्लांट ए लाइब्रेरी की सौग़ात मिली है। सरकार को धन्यवाद देता हूं जो विकास के लिए काम कर रहे हैं। सांसद बैज ने बस्तर क्षेत्र में बिजली पानी इलाज सुविधाओं के विकास की जानकारी दी और कहा कि सरगुजा से बस्तर तक विकास की गंगा बहा दी गई है। इससे पूर्व कलेक्टर संजीव कुमार झा ने स्वागत भाषण के माध्यम से जिले में विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 1000 निवेशकों का पैसा चिटफ ण्ड कंपनी से वापस कराया गया है। उर्जा सचिव अंकित आनन्द ने कहा कि ताप विद्युत परियोजना के विषय में जानकारी दी।

### 1320 मेगावॉट सुपर क्रिटिकल पॉवर स्टेशन की रखी आधारशिला-

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊंचाई प्रदान करने हेतु कोरबा जिले में 1320 मेगावाट के सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन कोरबा का शिलान्यास किया। यहां पर 660 मेगावाट की दो इकाइयां स्थापित होंगी। वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता 2978-7 मेगावाट है। राज्य स्थापना के समय उत्पादन क्षमता 1360 मेगावाट थी। वर्तमान में छत्तीसगढ़ जीरो पॉवर कट स्टेट बना हुआ है। प्रदेश में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास से बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए कोरबा में 660-660 मेगावाट की दो नई इकाइयों की स्थापना की जा रही है। 1320 मेगावाट का यह सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन प्रदेश का सबसे बड़ा और आधुनिक संयंत्र होगा। इससे एक ओर प्रदेश बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर होंगा वहीं दूसरी ओर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने 25 अगस्त 2022 को इस संयंत्र की स्थापना का निर्णय लिया था। जिस पर तेज गति से कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी ने आवश्यक अनुमति एवं स्वीकृतियां प्राप्त की। संयंत्र में 660 मेगावाट की एक इकाई से साल 2029 और 660 मेगावाट की दूसरी इकाई से साल 2030 तक बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। नए संयंत्र की स्थापना पुराने एचटीपीएस परिसर के रिक्त भूमि 71 हेक्टेयर में होगी। प्रस्तावित नए परियोजना के लिए 28 एमसीएम पानी की आवश्यकता और 6.5 एमटीपी, कोयले की आवश्यकता होगी।

### कलेक्ट्रेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का किया अनावरण-

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया। जिला प्रशासन द्वारा स्थापित किए जा रहे छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा 10 फीट ऊंची है, जिसकी कुल लागत 10 लाख रुपये हैं। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भक्तिपूर्ण वातावरण में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का लोकार्पण किया।

### मुख्यमंत्री ने प्यारेलाल कंवर स्मृति ई-लाइब्रेरी का किया शुभारंभ-

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डिंगापुर में नवनिर्मित स्व. प्यारेलाल कंवर स्मृति ई लाइब्रेरी का डिजिटल माध्यम से एक क्लिक कर लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने रीडिंग जोन में अध्ययनरत युवाओं को सब्सक्रिप्शन कार्ड दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रीडिंग जोन में कोरबा निवासी अध्ययनरत छात्रा के `स्नेहा राव से लाइब्रेरी के बारे में जानकारी ली। जिस पर उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि लाइब्रेरी में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं स्वयं एक युवा और बेरोजगारी भत्ता योजना की हितग्राही हूं। उन्होंने मुख्यमंत्री को बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए धन्यवाद दिया और बताया कि उन्हें तीन किस्त मिल चुके हैं और प्राप्त पैसों से उनके द्वारा किताबें, लाइब्रेरी का सब्सक्रिप्शन, आवागमन आदि अन्य खर्च के लिए उपयोग कर रही है। जिससे उन्हें काफी सुविधा मिल रही है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री से सारिका सिन्हा, अविनाश, लक्ष्मी नारायण तथा अन्य युवाओं ने भी मुख्यमंत्री से चर्चा की और उन्हें सब्सक्रिप्शन कार्ड दिया।

### स्व. बिसाहूदास महंत मेमोरियल मेडिकल कालेज भवन का हुआ भूमिपूजन-

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कोरबा जिले को एक बड़ी सौगात देते हुए स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति मेडिकल कालेज कोरबा के नए भवन की नींव रखी। मेडिकल कालेज के नए भवन निर्माण हेतु कोरबा जिले के ग्राम भुलसीडीह तहसील.भैंसमा में 124.24 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है। इसके निर्माण के लिए 325 करोड का बजट स्वीकृत किया गया है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा का उद्घाटन दिनांक 02 मार्च 2021 को मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल द्वारा किया गया था। स्थानीय लोगों की मांग अनुसार कोरबा मेडिकल कालेज का नामकरण स्व. बिसाहू दास महंत के नाम पर रखा गया है।

इस महाविद्यालय को सत्र 2022.23 के लिए एमबीबीएस की 100 सीट की प्रथम मान्यता 09 सितंबर 2022 को प्राप्त हुई। वर्तमान में इस महाविद्यालय में 121 छात्र-छात्राएं मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। चिकित्सा महाविद्यालय में 23 विभागों में लगभग 130 चिकित्सक कार्यरत है। स्व.बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध इंदिरा गांधी चिकित्सालय कोरबा में 357 बिस्तर का चिकित्सालय संचालित है। जिसमें विभिन्न प्रकार के जटिल रोगों का ईलाज हो रहा है। पूर्व में बेहतर ईलाज के लिए बड़े शहरों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन अब जटिल से जटिल बीमारियों का उपचार मेडिकल कॉलेज कोरबा में हो रहा है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आवासीय खेल अकादमी का किया शुभारंभ .

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरबा के प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में आवासीय खेल अकादमी का शुभारंभ किया। खेल अकादमी में खिलाड़ियों को फ ुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और स्विमिंग जैसे खेल का प्रशिक्षण मिलेगा। आवासीय खेल अकादमी में फुटबॉल में बालक वर्ग में 20 खिलाड़ी, बालिका वर्ग में 20 खिलाड़ी, वॉलीबॉल में बालक वर्ग में 12 व बालिका वर्ग में 12 खिलाड़ियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इसी तरह बास्केट बॉल में बालक व बालिका वर्ग के 10-10 और स्विमिंग में 8.8 बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ियों के प्रशिक्षण सह आवासीय व्यवस्था है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा अनुरूप आवासीय खेल अकादमी के संचालन के लिए प्रियदर्शनीय इंदिरा स्टेडियम परिसर में सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से एकेडमी के संचालन के लिए सभी संसाधन विकसित किए गए हैं। अकादमी में 100 खिलाड़ियों के प्रशिक्षण व आवास की व्यवस्था की गई है जिससे खेल अकादमी में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे।

### कोरबा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय का हुआ शुभारंभ .

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरबा जिले में छात्रों को अंग्रेजी माध्यम में उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए कोरबा में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का शुभारंभ किया । इस सत्र से अंग्रेजी महाविद्यालय कला,वाणिज्य, विज्ञान एवं कम्प्यूटर विज्ञान विषय के साथ प्रारम्भ हो रहा है। यह महाविद्यालय अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से संबंद्ध है। सत्र 2023.24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ है। जिसमें सभी संकायों में विद्यार्थी प्रवेश ले रहें है। यह महाविद्यालय परम्परागत अध्यापन की सुविधा के साथ-साथ आधुनिकतम उपकरणों से भी सुसज्जित है। जिसका लाभ यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्राप्त होगा। सुरक्षात्मक दृष्टि से सम्पूर्ण परिसर को सीसीटीव्ही कैमरा के निगरानी में रखा गया है। क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक गतिविधि हेतु आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गयी है। जिससे विद्यार्थियों का बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक एवं बहुआयामी विकास हो सके। शासन द्वारा इस महाविद्यालय के संचालन हेतु प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल,कीड़ाधिकारी तथा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कुल 34 पद स्वीकृत किए गए हैं एवं नवीन भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ 40 लाख रूपये का भी प्रावधान किया गया है। जिले में अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय के प्रारम्भ होने से जिले में संचालित आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अन्य जगहों में जाकर अध्ययन नहीं करना पड़ेगा। उन्हें उनके शहर में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त होगी।

# किकिरदा गांव के हसदेव युवा समिति के युवाओं की पहल को लेकर कलेक्टर ने की तारीफ

* कलेक्टर ने मां विशेश्वरी माता की पूजा अर्चना कर जिलेवासियों की स्वास्थ्य एवं सुख समृद्धि के लिए कामना की

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सक्ती जिले के भ्रमण के दौरान जिले के अंतिम छोर महानदी तट पर बसे ग्राम किकिरदा पहुंचे जहां उन्होंने हसदेव युवा विकास समिती के युवाओं से मिली और गांव के महानदी तट पर स्थित उद्यान का निरीक्षण किया जहां कलेक्टर ने उद्यान का रख रखवा के बारे में ग्रामीणों एवं उद्यान संरक्षक समिति के सदस्यों से चर्चा की इस दौरान उन्होंने उद्यान के देख रेख एवं विकास के बारे में चर्चा की उद्यान को किस प्रकार से विकशित किया जा सकता है जहां लोग आकर घूमे पिकनिक मनाये मनोरंजन करें, वहीं समिती के लोगों ने बताया कि हमारे समिति द्वारा गांव इस खाली जमीन को हम लोग एक उद्यान पार्क गार्डन, बनाने के उद्देश्य से यहा पर छायादार, फ ूलदार एवं उद्यान की सुंदरता बढ़ाने वाला पेड़ पौधा रोपड़ किए हैं। हमारे समिति द्वारा पिछले चार पांच वर्षों पहले इस पहल का शुरुवात किया गया था और तब से देख भाल करते आ रहे हैं । हम लोग शासन से इसके लिए सहयोग चाहते है ताकि यह उद्यान



और विकसित हो सके और महानदी तट से लगे होने एवं यहां पर वर्षों से विराजमान मां विशेश्वरी देवी की मन्दिर होने से यहां लोगों की भारी संख्या में हमेशा आना जाना लगा रहता है साथ ही यहां की दृश्य सुंदर, मनोरम देखने लायक एवं वातावरण मनमोहक है जिससे लोगों को घूमने लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहेगा। जिस पर कलेक्टर ने अपनी तरफ से पूरी सहयोग करने का आश्वासन दिया और हसदेव युवा विकास समिति के युवाओं के साथ मिलकर पौधा रोपण किये तथा उन्होने समिति की इस कार्य की सहरानीय किये। इसके साथ ही कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने गांव में वर्षों से विराजमान मां विशेश्वरी मन्दिर पहुंच कर विशेश्वरी माता की पूजा अर्चना की और जिलेवासियों की स्वास्थ्य एवं सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, सुरेंद्र भार्गव, हसौद तहसीलदार बी एल कुर्रे, सरपंच, मंदिर के पूजारी, जनप्रतिनिधी एवं ग्रामीणजन सहित हसदेव युवा विकास समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहें।

# चला रईगढ़िया, वोट देवईया थीम के साथ जिले में वोटर्स को मतदान के लिए करेंगे जागरूक

* विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करने कलेक्टर सिन्हा ने ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने 2 अगस्त को मतदाता सूची के आरंभिक प्रकाशन के साथ ही मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता और वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने के लिए चला रईगढ़िया, वोट देवईया थीम के साथ विशेष कार्ययोजना बनाते हुए स्वीप कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि मतदाता सूची के आरंभिक प्रकाशन के पश्चात उसका वाचन सभी गांवों में विशेष ग्राम सभा के माध्यम से करना है। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार दावा आपत्तियों का निराकरण 31 अगस्त तक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की कार्यवाही आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार की जानी है। कलेक्टर सिन्हा ने धरमजयगढ़ और लैलूंगा के दूर-दराज के इलाकों में पात्र मतदाताओं के साथ विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं का नाम अभियान चला कर सूची में जोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने मतदाता परिचय पत्र के प्रिंटिंग और वितरण का कार्य पूरी सावधानी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा कि रायगढ़ एक सीमावर्ती जिला है। अतः यहां के बॉर्डर वाले इलाकों में विशेष निगरानी की आवश्यकता है। इसके लिए जरूरी व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिए। ताकि अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही की जा सके। इसके अलावा उन्होंने निर्वाचन में मतदान दल के गठन, मतदान सामग्री वितरण, मतदान कर्मियों के यातायात व्यवस्था, ट्रेनिंग तथा निगरानी और उड़नदस्ता दलों का गठन, निर्वाचन पपत्र व सामग्री,



चिकित्सा दल, शिकायत निवारण जैसे कार्यों के संबंध में भी चर्चा की और संबंधित अफसरों को तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, ज्वाइंट कलेक्टर धनीराम रात्रे, डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर ऋतु हेमनानी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार व सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### मतदान केंद्रों में हो सभी बुनियादी सुविधाएं-कलेक्टर

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि मतदान केंद्रों में पीने का पानी, रैंप, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन की समीक्षा करने तथा जो आवश्यकताएं सामने आयी हैं उसे तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए।

### कम मतदान वाले केंद्रों के लिए बनाए स्वीप की विशेष कार्ययोजना

कलेक्टर सिन्हा ने पूरे जिले में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर सभी वर्ग के मतदाताओं में मतदान को लेकर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में चलने वाले स्वीप कार्यक्रम के साथ ही ऐसे मतदान केंद्र जहां पिछली बार वोटिंग परसेंटेज कम रहा, उसके कारणों की समीक्षा कर वहां वोटिंग बढ़ाने के लिए स्वीप के अंतर्गत विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

### मतदान केन्द्रों के बारे में वोटर्स को दें जानकारी

कलेक्टर सिन्हा ने मतदाताओं को सूची के अनुसार उनके मतदान केंद्रों के बारे में अनिवार्य रूप से जानकारी दें। जिससे उन्हें वोटिंग के लिए पहुंचने में आसानी हो। इसके साथ ही निजी उद्योगों और चैंबर ऑफ कॉमर्स व निजी नियोक्ताओं की बैठक लेकर उन्हें अपने कर्मचारियों को वोटिंग के लिए अवकाश देने के लिए समन्वय करने के निर्देश दिए।

# बीएलओ एवं अविहित अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन पर विधानसभा क्षेत्र खरसिया के बूथ लेवल ऑफिसर एवं अविहित अधिकारियों की प्रशिक्षण 29 जुलाई को लखीराम ऑडिटोरियम खरसिया में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खरसिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।



फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली हेतु विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य 2 अगस्त 2023 से प्रारंभ हो रही है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से विलोपित करने एवं मतदाता सूची में मतदाता के नाम, सरनेम, निवास के पता संशोधन हेतु आज विशेष प्रशिक्षण दिया गया। 2 अगस्त 2023 को आयोजित होने वाले ग्राम सभा में बीएलओ एवं अविहित अधिकारी के माध्यम से मतदाता सूची का वाचन सार्वजनिक रूप से किया जाना है। जिसमें नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने हेतु एवं ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है, मतदाता जो अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके हैं उनका नाम मतदाता सूची से विलोपित किए जाने हेतु प्रशिक्षण में निर्देश दिए गए। 80 वर्ष या 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा दिए जाने, दिव्यांग मतदाताओं, 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाता को विशेष रूप से चिन्हांकित कर मतदाता सूची में उक्त जानकारी अनिवार्यत: दर्ज करने संबंधी निर्देश पर चर्चा कर प्रशिक्षण में सभी बीएलओ एवं अविहित अधिकारियों को अवगत कराया गया। आज के प्रशिक्षण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खरसिया रोहित सिंह के द्वारा मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में विशेष सतर्कता रखकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में ना छूटे। विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में नए मतदाताओं का नाम जोड़े जाने एवं मृत/स्थानांतरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से विलोपित किए जाने संबंधी भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश को अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा सभी बूथ लेवल ऑफिसर एवं अविहित अधिकारियों को विस्तार से समझाया गया।



बूथ लेवल ऑफिसर एवं अविहित अधिकारियों के द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के दौरान किए जाने वाले प्रक्रिया में जो शंकाये थी उस पर प्रश्न रखे गए, अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से सभी बूथ लेवल ऑफिसर एवं अविहित अधिकारियों को जवाब से संतुष्ट किया गया। विधानसभा खरसिया के स्वीप नोडल अधिकारी प्रदीप साहू के द्वारा उन मतदान केंद्रों पर विशेष रूप से फोकस करने की बात कही गई जिन मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत कम है, साथ ही पुरूष और महिला मतदाता के मतदान प्रतिशत में अंतर वाले मतदान केंद्रों में विशेष रूप से स्वीप कार्यक्रम आयोजित कर शत-प्रतिशत मतदान कराने की बात कही गई। आज का यह प्रशिक्षण दो चरणों में संपन्न हुआ जिसमें प्रथम चरण के प्रतिभागी प्रात: 11 से 1.00 तक उपस्थित हुए एवं द्वितीय चरण के प्रतिभागी की दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किए। आज के विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य प्रशिक्षण को मास्टर ट्रेनर्स एलएन पटेल, आनंद द्विवेदी के द्वारा संपन्न कराया गया। आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खरसिया रोहित सिंह, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, तहसीलदार-खरसिया शिवकुमार डनसेना, कानूनगो आत्माराम बघेल एवं प्रदीप साहू, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक उपस्थित रहे।

# ग्राम अरसीपाली में जन चौपाल लगातार कोतरारोड़ पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरूक

प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर ने गांव में अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा की सूचना देने ग्रामीणों को किये प्रेरित, बताये पुलिस सभी गैरकानूनी कार्यों पर निगाह रखी है

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।

जिले के ग्राम अरसीपाली में प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर के नेतृत्व में थाना कोतरारोड़ की टीम द्वारा पुलिस जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को अपराधों के प्रति सजग किया गया । श्री उदित पुष्कर द्वारा अरसीपाली के रहवासियों को समझाइश देते हुए कहा गया कि गांव में छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा विवाद न करें। ज्यादातर झगड़ा विवाद का कारण शराब, जुआ जैसी समाजिक बुराईयां है, पुलिस ऐसी गतिविधियों पर निगाह रखे हुये है फिर भी गांव में अवैध शराब जुआ-सट्टा की सूचना तत्काल थाने को देवें जिससे ऐसे व्यक्तियों कार्रवाई की जा सकें । उन्होंने उपस्थित लोगों को साइबर खतरों की जानकारी देते हुये अनजान नंबर या अनजान एप के काल रिसीव नहीं करने तथा अंजान व्यक्तियों को ह्ल्र्क्क और निजी जानकारी शेयर करने से बचने कहा गया करें। उन्होंने जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है बताया गया ।

जन चौपाल में थाना कोतरारोड़ के उप निरीक्षक नंद लाल पैंकरा द्वारा ग्रामीणों को महिला एवं बच्चों से संबंधी अपराधों की जानकारी दिया गया तथा ऐसे अपराधों में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करने एवं पीडित को प्राप्त होने वाली राहत राशि, विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दिया गया । उन्होंने ग्रामीणों को पुलिस सहायता के लिये पुलिस अधिकारियों के नंबर




एवं डायल-112 के बारे में बताया गया । चौपाल में गांव के पंच, सरपंच, जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी कोतरारोड़ श्री उदित पुष्कर, एसआई नंद लाल पैंकरा, हेड कांस्टेबल करूणेश राय, कांस्टेबल संजीव पटेल और मनोज जोल्हे उपस्थित थे ।

# राजधानी में भारी बारिश से लोगों के घरों में घुसा पानी, लोग परेशान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर समेत प्रदेश में शुक्रवार रात हुई भारी बारिश से शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए। लोगों के घरों में पानी भर गया। अचानक शुरू हुई बारिश ने लोगों को उमस से राहत तो दिलाई लेकिन कई जगहों पर जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने शनिवार को बस्तर संभाग को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण बस्तर में बारिश होगी। वहीं मध्य छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों में भी भारी बारिश होगी। ऐसे में मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि आवश्यक काम आने पर ही घर से बाहर निकले। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार की देर रात हुई बारिश की वजह से राजधानी रायपुर के कई इलाकों में जलभराव हो गया है।

इसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नालियां जाम होने के कारण बारिश का पानी नहीं निकल पा रहा है, जिससे लोगों के घरों में पानी जमा हो रहा है। इससे रोग फैलने की भी आशंका जताई जा रही है। वहीं लोगों ने ट्वीट के जरिए प्रदेश सरकार पर भड़ास भी निकाली है।

## एक नजर

### राजीव युवा मितान क्लब के मास्टर ट्रेनरों को सड़क सुरक्षा मित्र का दिया गया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



प्रतिमाह आयोजित होने वाली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर एवं सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा पिछले बैठक में राजीव मितान क्लब के सदस्यों को सड़क सुरक्षा मित्र के रूप में प्रशिक्षित करने निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में युवा मितान क्लब के मास्टर ट्रेनर को आदर्श सड़क सुरक्षा मित्र के संबंध में जानकारी देकर सड़क हादसों की रोकथाम एवं जागरूकता कार्यक्रमों में उनकी भूमिका बताया गया। कार्यशाला में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम में गुड सेमेरिटर्न के महत्ता को बताया गया तथा दुर्घटना घटित होने के उपरांत घायलों को किस प्रकार तत्कालिक राहत दें। इस संबंध में कार्यशाला में मौजूद डॉक्टर पी.के.गुप्ता और पी.एल.पटेल द्वारा प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त रायगढ़, उप पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सुशांतो बनर्जी, परिवहन उप निरीक्षक देवाशीष प्रधान तथा विकास खंड तमनार, लैलूंगा, रायगढ़, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, पुसौर और खरसिया के राजीव युवा मितान क्लब मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

### सुवरगुड़ा, उधरा, रक्शा, खैरा छोटे, छतौना और अमलीपाली-अ आंगनबाड़ी में भर्ती के लिए 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

महिला एवं बाल विकास विभाग के कोसीर परियोजना के ग्राम सुवरगुड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम उधरा में आंगनबाड़ी मिनी कार्यकर्ता और ग्राम रक्शा, खैराछोटे, छतौना, अमलीपाली-अ में आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्त किया जाना है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 10 अगस्त 2023 तक कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, कोसीर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में कार्यालयीन दिवस और समय पर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताध्मिनी कार्यकर्ता पद हेतु बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण एवं सहायिका पद हेतु आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस भर्ती में विधवा, परित्यकता,तलाकशुदा महिलाओं को 15 अंक अतिरिक्त दिया जाएगा। नियुक्ति नियमावली व निर्देश के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी कार्यकर्ता का पद पूर्णत अस्थाई या मानसेवी होगा। शासन द्वारा निर्धारित दर पर प्रति माह मानदेय भुगतान किया जायेगा। जिस ग्राम में आंगनबाड़ी पद रिक्त है आवेदिका उसी ग्राम की एवं नगरीय क्षेत्र के लिए उसी वार्ड की स्थानीय निवासी होना चाहिए। आवदेन पत्र के साथ निवास के संबंध में निम्न में से काई एक दस्तावेज संलग्न किया जावेगा। जिस वार्ड/ग्राम में आंगनबाड़ी पद रिक्त है उस वार्ड/ग्राम की अद्यतन मतदान सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसका उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जाए या संबंधित ग्राम के सरपंच तथा सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों हेतु वार्ड पार्षद या पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, जिसमें वार्ड/ग्राम में निवासरत रहने का पता का स्पष्ट उल्लेख हो। आवेदिका का उम्र 18 वर्ष से कम तथा 44 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की तिथि से की जायेगी। आवेदिका को आवेदन करते समय अपने दस्तावेजो में स्व प्रमाणित हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। आवेदन में वर्तमान का नवीन पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करना अनिवार्य होना। आवेदिका को आगनबाड़ी कार्यकर्ताध्मिनी कार्यकर्ता पद हेतु 12वीं कक्षा उत्तीर्ण एवं सहायिका पद हेतु 8वी कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। सहायिका पद हेतु कक्षा 8वीं का अंक सूची संलग्न करना अनिवार्य होगा। ग्रेडिंग की दशा में संबंधित संस्था के प्रधानपाठक से सत्यापित अंक सूची संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसमें प्राप्तांक एवं प्रतिशत का स्पष्ट उल्लेख हो, अन्यथा मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। यदि उस ग्राम में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता वाली आवेदिका अनुपलब्ध हो तो नियमानुसार शैक्षणिक योग्यता में शिथिलता प्रदान की जाएगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आवेदिकाओं का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर 10 अंक प्रदाय किया जाएगा।

# गौ सेवा आयोग सदस्य शेखर त्रिपाठी की मौजूदगी में पशुओं को लगाया गया टैग, दुर्घटना को देखते चलाया गया अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

आवारा पशुधन के चलने वाले रास्तों एवं सड़कों पर आने-जाने से समस्या को देखते हुए पशुओं के गले में रेडियम लगाया गया ताकि पशुओं के जान के साथ इंसान के खतरों को भी रोका जा सके।

छग शासन के निर्देशानुसार रोका छेका कार्यक्रम के तहत जिले के नगरीय क्षेत्रों में इधर उधर घूम रहे आवारा मवेशियों के धरपकड़ की कारवाई करते हुए कांजी हाऊस में डाला जा रहा है। साथ ही राजकीय राजमार्ग में दुर्घटना को रोकने हेतु सड़क में घमने वाले आवारा पशुओं को रेडियम बेल्ट भी लगाया जा रहा है। नगरीय प्रशासन व पशु चिकित्सा विभाग द्वारा सड़क पर घूमने वाले मवेशियों के कान में घूमंतु पशुओं को टैग लगाया जा रहा है ताकि उनकी दूर से पहचान हो सके। इसी सिलसिले में पत्थलगांव शहर में विगत दिनों से सड़कों किनारे आवारा पशुओं के जमा होने से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। जिसके निवारण हेतु पशु विभाग द्वारा शनिवार को करीब 20 से अधिक पशुओं को टैगिंग एवं



रेडियम बेल्ट पहनाया गया है। देर शाम फिर टैगिंग और बेल्ट लगाया जाएगा। जिससे वाहन चालक पशुओं के लिए खतरा ना बन सके और सड़कों किनारे बैठे पशुओं को सुरक्षित किया जा सके। इस मौके पर गौ सेवा आयोग के सदस्य शेखर त्रिपाठी द्वारा आवारा और घुमंतु पशुओं के कानों में टैग एवं गले में रेडियम बेल्ट लगाकर उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि किसानों की फ सल को नुकसान ना पहुंचे जिसे ध्यान में रखते हुए पशु पालक अपने पशुओं को घर में ही बांधकर रखें एवं उचित देखभाल करें। इस दौरान पशुधन विकास विभाग की ओर से डॉ बीपी भगत, डॉक्टर दिनेश पैंकरा, केके पटेल, बीआर सक्सेना सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं रामलाल, अरुण, दीपक, लक्ष्मी परिचारक तथा नगर पंचायत से कर्मचारी मौजूद रहे। विदित हो कि सड़कों पर घुमने वाले पशुओं की समस्या और इसका समाधान विभिन्न क्षेत्रों में एक बड़ी समस्या है एवं इसका समाधान विभिन्न तरीकों से किया भी जा रहा है। लोगों को पशुओं के सड़कों पर आने के प्रभावों के बारे में जागरूक करने और उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए पशुपालकों से अपील की जा रही है कि पशुओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए नगरीय क्षेत्रों में मुनादी भी कराई जा रही है एवं पशुओं को खुले में ना छोड़ने की अपील की जा रही है। क्योंकि यह समय खेती बाड़ी का समय है ऐसे में पशुओं से फसल को बचाने के लिए भी पशुपालकों को समझाइश दी जा रही है। अक्सर देखा जाता है कि पशु चारा कि तलाश में ग्रामीण क्षेत्रों से विचरण करते हुए रिहायशी इलाकों में आ पहुंचते है जिसकी भनक पशु पालकों को भी नहीं होती। वही पशुपालकों को अवगत कराया जा रहा है कि पशुओं की आवारा घुमते हुए मवेशी पाए जाने पर कांजी हाउस में डालने की कार्यवाई की जाएगी।

# दशकों से जनजातियों को उनके अधिकार से वंचित रखने के लिए ओपी ने कांग्रेस से मांगा जवाब

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




लिपिकीय त्रुटि की वजह से 12 जनजातियों से जुड़े आदिवासियों को उनके मूल अधिकार से दशकों से वंचित रखने के लिए प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कांग्रेस से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा भूपेश बघेल मणिपुर मामले में प्रधान मंत्री को संसद में बयान देने की सलाह देते है लेकिन इस मुद्दे पर वे मौन क्यों है। सत्ता की मलाई खाने में व्यस्त रही कांग्रेस की दशकों तक केंद्र व राज्यो में सरकार रही लेकिन उन्होंने इस लिपिकीय त्रुटि को सुधारने की कोई पहल नहीं की। इस त्रुटि की वजह से आदिवासी वोट डालने के अधिकार से वंचित रहे साथ ही आदिवासियों को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रहे। आदिवासी हितैषी श्रेय लेने वाली कांग्रेस को लज्जा आनी चाहिये। आखिर कांग्रेस को12 जनजातियों के हितों का ध्यान क्यो नही आया। इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए। सत्ता आने के बाद कांग्रेस राज करने की मानसिकता से नही उबर पाती और भाजपा की मोदी सरकार सत्ता मिलने पर सही मायने में काज करती है। लिपिकीय त्रुटि को सुधार कर 12 जनजातियों को अधिकार दिलाने मोदी सरकार ने सर्वोत्तम काज की मिशाल पेश की है।

# आवेदन के साथ राष्ट्रपति तक जाने की तैयारी

# लोगों को आज भी अपने मेहनत के पैसों को लेने करनी पड़ रही मशक्कत

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

मोर पैसा मोर जमा पूंजी वापस करो के स्लोगन के साथ पूर्व मंत्री लगातार जिले का दौरा कर रहें हैं वहीं कंपनियों में निवेश किए लोगों से मिल हस्ताक्षर अभियान भी चला रहें हैं। बता दें कि अपने लगातार दौरे में नोवेल वर्मा नवीन जिले के तीनों विधानसभा में गत 7 महीनों से जनता द्वारा किए गए कंपनियों में निवेश के डूबे पैसों को दिलाने लोगों से संपर्क साध रहे हैं वहीं जो लोग अपने पैसों के मिलने की उम्मीद लगभग छोड़ चुके थे।



**पूर्व मंत्री ने कमान संभाली,लोगों का कराय जा रहा हस्ताक्षर**

उन्हें एक नई उम्मीद के साथ उनके लिए एक हस्ताक्षर अभियान चला देश के राष्ट्रपति तक उनकी आवाज पहुंचाने लगे हुए हैं। इसी कड़ी में नोवेल कुमार वर्मा मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम कोमो पहुंचे जहां लोगों ने अपने पूर्व नेता को देख काफ़ी खुश हुए वहीं निवेश की गई रकम के बारे में तो बताया ही साथ ही अपने गांव की भी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि कोमो गांव के लगभग 234 परिवारों द्वारा लगभग 2 करोड़ 85 लाख रुपए निवेश किए थे। वहीं आज तक उनको एक रुपया भी नहीं मिला है। लोगों ने बताया कि द्वारिका प्रसाद पटेल कंपनी का एजेंट था और हमारे बीच का आदमी समझ उसके भरोसे हमने अपनी पूंजी जमा की लेकिन उक्त कंपनी भाग गई। जब ग्रामीणों सहित आसपास के लोगों ने एजेंट को कहा कि हमारा पैसा हमें वापस दो, हमने तुम पर भरोसा किया था। लगातार निवेशक घर पहुंचने लगे तो एक दिन अचानक द्वारिका पटेल को लकवा मार दिया जिसके बाद से लोगों ने अपने पैसे वापस मिलने की उम्मीद ही छोड़ दी।

वहीं अपनी परेशानी बताते हुए संतरा बाई ने कहा कि हर माह अपना पेट काट काट के एक हजार रुपए कंपनी के एजेंटों को यह सोंच कर दी थी कि मेरी जमा पूंजी मेरे बुढ़ापे का कुछ सहारा होगा। लेकिन जिसे सहारा समझी थी उसी के कारण आज मैं बेसहारा हो गई। आज की स्थिति में परिवार दाने दाने को मोहताज है। वरतु राम ने अपनी दास्तां कुछ इस तरह बताई की सोंचा था पैसा जमा कर देता हूं जब ब्याज सहित रकम दुगुना तिगुना हो जाएगा तो कुछ व्यापार कर अपने परिवार को एक अच्छी जिंदगी दे सकूंगा। और अपने करीबियों से कर्ज लेकर पूरा पैसा दिया लेकिन आज दर दर की ठोकर ही मिल रही है। मजदूरी कर लोगों का पैसा धीरे धीरे वापस किया और अब रूखी सुखी में अपना जीवन यापन कर रहा हूं। इस अवसर पर त्रिभुवन सिदार सरपंच कोमो, भीखम सिदार, कश्यप,कामिनी, शिवदयाल पटेल, रामकुमार पटेल, लीलाधर निषाद, शोभितराम पटेल, जीवन सिदार, मनु सिदार, प्यारेलाल निषाद, हीरादास महंत, अशोक कुमार, हरिलाल पटेल,श्याम लाल, घनश्याम सिदार, तेजराम सिदार, मोहनलाल पटेल, लक्ष्मण पटेल, करमदास महंत, उत्तम कुमार, मगनलाल निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे और एक ही उद्देश्य था कि कैसे भी हमारी खून पसीने की गाढ़ी कमाई हमे वापस मिल जाए, ब्याज नहीं चाहिए सिर्फ मूलधन ही मिल जाए यही ग्रामीणों का कहना था।

## चिरंजीवी की भोला शंकर का ट्रेलर जारी, जानिए कब रिलीज होगी फिल्म




गॉडफादर और वाल्टेयर वीरय्या जैसी सुपरहिट फिल्मों के बाद अब मेगास्टार चिरंजीवी की फिल्म भोला शंकर का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।इसमें कीर्ति सुरेश और तमन्ना भाटिया भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।अब निर्माताओं ने गुरुवार को भोला शंकर का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें चिरंजीवी ताबड़तोड़ एक्शन करते नजर आ रहे हैं।यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, ऐसे में निर्माता इसे कई भाषाओं में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। चिरंजीवी की फिल्म भोला शंकर 11 अगस्त, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।इसका निर्देशन मेहर रमेश द्वारा किया जाएगा, जबकि रामब्रह्मम सुनकारा फिल्म भोला शंकर के निर्माता हैं।



## श्रीलीला ने अल्लू अर्जुन के साथ विशेष गाने का प्रस्ताव ठुकराया!

अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित सीक्वल पुष्पा 2 अपने पूर्ववर्ती की भारी सफलता के बाद भारत में धूम मचा रही है। शूटिंग तेजी से आगे बढ़ने के साथ ही यह फिल्म एक खास पहलू की वजह से चर्चा में बनी हुई है। निर्देशक सुकुमार अपनी फिल्मों में ठोस आइटम नंबर शामिल करने के लिए जाने जाते हैं, और पुष्पा भी अपवाद नहीं थी, सामंथा के आकर्षक प्रदर्शन ने पैन-इंडिया की प्रसिद्धि हासिल की। अब, सारा ध्यान उस हीरोइन की तलाश पर है जो सीक्वल में विशेष गीत की शोभा बढ़ायेगी।

फिल्मी हलकों में अफवाहें बताती हैं कि निर्माताओं ने विशेष गीत के लिए प्रतिभाशाली और उभरते सितारे, श्रीलीला से संपर्क किया। हालाँकि, आश्चर्यजनक रूप से, उसने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। कथित तौर पर, एकल नायिका के रूप में सात फिल्मों के साथ, श्रीलीला एक विशेष गीत के अवसर को लेने के बजाय अपने आशाजनक करियर पर ध्यान केंद्रित करना पसंद करती हैं, भले ही वह अल्लू अर्जुन के साथ ही क्यों न हो। सवाल यह है कि पुष्पा 2 में करिश्माई अल्लू अर्जुन के साथ नृत्य करने का भाग्यशाली मौका कौन लेगा?

## जैकलीन फर्नांडिस ने स्टाइलिश चोटी में कुछ यूं ढाया कहर, फोटोज में देखें किलर अंदाज

बॉलीवुड एंडस्ट्री की खूबसूरत हसीनाओं में से एक जैकलीन फर्नांडिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। जैकलीन फर्नांडिस ने हाल में सोशल मीडिया साइट फेसबुक और इंस्टाग्राम पर शेयर की अपनी लेटेस्ट फोटोज से बवाल मचा दिया है। उनके इस फोटोशूट को देख फैंस ने उनकी तारीफों की झड़ी लगा दी है।

37 वर्षीय बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है और अपनी फोटोज से आए दिन बिजलियां गिराती रहती हैं। जैकलीन फर्नांडिस की हर एक अदा का हर कोई दीवाना हैं और सोशल मीडिया पर उनके फैंस की लिस्ट भी काफी लंबी हैं। जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी खूबसूरती से सभी को कायल किया हुआ है और एक बार फिर एक्ट्रेस ने अपना जलवा दिखाया हैं। हाल ही में जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया साइट फेसबुक और इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन फोटोज से जैकलीन फर्नांडिस ने लोग का ध्यान अपनी तरफ खींच रही है और फैंस भी एक्ट्रेस की तस्वीरें देखकर उनकी तरफ अट्रैक्ट हो रहे हैं। इन तस्वीरों में जैकलीन फर्नांडिस रेड कलर की कार्गो पैंट्स और ग्रे कलर की ब्रालेट में बेहद किलर अंदाज में बिजलियां गिराती नजर आ रही हैं। जैकलीन के इस ट्रेंडी लुक में उनकी हर एक अदा कमाल की है, जिन पर फैंस अपना दिल हार बैठे हैं। इन फोटोज में जैकलीन फर्नांडिस अपनी स्टाइलिश दो चोटियों के साथ पतली कमर और कर्वी फिगर को जमकर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। स्मोकी न्यूड़ मेकअप के साथ जैकलीन फर्नांडिस ने अपने लुक को किलर एटीट्यूड के साथ कंप्लीट किया है। जैकलीन फर्नांडिस का ये किलर अंदाज उनके फैंस को बेहद कूल लगा रहा है।



## फिल्म दोनों का पोस्टर रिलीज, राजवीर देओल की दिखी झलक




सनी देओल के बेटे राजवीर देओल अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं।मौजूद वक्त में अपनी डेब्यू फिल्म दोनों को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी अभिनेत्री पूनम ढिल्लों की बेटी पालोमा ढिल्लों के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित है।दोनों के जरिए पालोमा भी बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं।अब निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें राजवीर की झलक देखने को मिल रही है। जियो स्टूडियो ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर दोनों का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, राजश्री परिवार में राजवीर देओल का स्वागत। देव से मिलें। दुल्हन के दोस्त।फिल्म दोनों के जरिए बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश एस बड़जात्या निर्देशन की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं।यह फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा होगी।बता दें, बीते दिनों निर्माताओं ने दोनों का टीजर जारी किया था।

गौरतलब है कि इन दोनों के माता-पिता भी पहले फिल्म में नायक-नायिका के तौर पर नजर आ चुके हैं। सनी देओल और पूनम ढिल्लों ने साल 1984 में आई लव स्टोरी फिल्म सोहनी महिवाल में लीड रोल प्ले किया था। अब दोनों के बच्चे एक साथ फिल्म करने जा रहे हैं। मेकर्स ने सोमवार को राजवीर देओल और पलोमा ठकेरिया की डेब्यू फिल्म दोनों का पोस्टर रिलीज कर दिया है।

## अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 का दूसरा गाना हर हर महादेव हुआ जारी



अक्षय कुमार की आगामी फिल्म ओह माय गॉड-2 का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में खिलाड़ी कुमार के साथ-साथ पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

पोस्टर्स के बाद मेकर्स ने कुछ दिनों पहले फिल्म का टीजर और पहला गाना रिलीज किया था, जिसे दर्शक भी अपना भरपूर प्यार देने से पीछे नहीं हटे। अब हाल ही में ओह माय गॉड 2 का शिव की भक्ति को दर्शाता हुआ दूसरा गाना हर-हर महादेव रिलीज हो चुका है। इस गाने में अक्षय कुमार शिव तांडव करते हुए नजर आ रहे हैं।

बीती शम अक्षय कुमार ने फिल्म ओह माय गॉड-2 के दूसरे गाने का एक मोशन पोस्टर रिलीज किया था, जिसकी जानकारी देते हुए अक्षय ने बताया था कि उनका गाना 27 तारीख को हर-हर महादेव गाना रिलीज होगा। अब ये गाना फाइनली ऑडियंस के सामने है।

## सनी देओल की गदर 2 का नया पोस्टर रिलीज, 11 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म




सनी देओल और अमीषा पटेल की गदर 2 का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए एकदम तैयार है। गदर 2 साल 2001 में आई फिल्म गदर का सीक्वल है। अब निर्माओं ने गदर 2 का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें सनी और उत्कर्ष शर्मा की झलक देखने को मिल रही है। पोस्टर में दोनों एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं।

जहां गदर भारत-पाकिस्तान विभाजन की पृष्ठभूमि पर बनी थी, वहीं गदर 2 की कहानी 1971 में भारत और पाकिस्तान के युद्ध पर आधारित होगी, जिसे पहले भाग के खत्म होने के 17 साल बाद सेट किया गया है। गदर का निर्देशन अनिल शर्मा ने किया था। गदर 2 का निर्देशन भी अनिल ने संभाला है। निर्माताओं ने बीत दिन गदर 2 का ट्रेलर जारी किया था, जिसमें सनी ताबड़तोड़ एक्शन करते नजर आ रहे हैं। गदर 2 के निर्माताओं ने बहुत पहले प्रमोशन शुरू कर दिया था। पहले ओरिजनल फिल्म को झाड़-पोंछकर को दोबारा रिलीज किया गया। फिल्म की वीडियो क्वालिटी को चमकाया गया। माहौल बनने लगा तो फिल्म से जुड़ीं दूसरी जानकारियां देनी शुरू कीं।निर्देशक अनिल शर्मा पूरी कोशिश कर रहे हैं कि गदर 2 हल्ला मचा सके, ताकि दूर-दूर तक इसकी रिलीज को लेकर चर्चा हो। अब जल्द ही एक समारोह रखा जाएगा, जहां फिल्म के सभी गायक लाइव गाने गाएंगे।

गदर 2 का पहला पोस्टर 26 जनवरी, 2023 को रिलीज किया गया था। इसी के साथ सनी ने इस फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा हटाया था।

# खेल



## जापान ओपन बैडमिंटन...सात्विक-चिराग की जोड़ी हारीःलगातार 12 जीत के बाद मिली हार

### लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में पहुंचे

**टोक्यो।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को BWF जापान ओपन सुपर 750 के मेंस डबल्स में शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हार मिली। वर्ल्ड नंबर-2 जोड़ी को लगातार 12 जीत के बाद हार का सामना करना पड़ा। वहीं मेंस सिंगल्स मुकाबले में लक्ष्य सेन को जीत मिली और वे सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। हाल ही में कोरिया ओपन जीतने वाले सात्विक और चिराग की जोड़ी को टोक्यो ओलिंपिक चैंपियन यांग ली और ची-लिन वांग की चीनी ताइपे जोड़ी ने हराया। ली-वांग ने भारतीय जोड़ी को 21-15, 23-25, 21-16 से हराया।

चिराग-सात्विक की जोड़ी ने कोरिया ओपन का खिताब जीता था चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज की भारतीय जोड़ी ने रविवार (23 जुलाई 2023) को कोरिया ओपन का खिताब जीता था। चिराग-सात्विक की जोड़ी ने वर्ल्ड नंबर 1 फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान की इंडोनेशियाई जोड़ी को 17-21, 21-13, 21-14 के अंतर से हराया था।




### लक्ष्य ने जापान के वतानाबे को सीधे गेमों में मात दी

बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट 21 साल के लक्ष्य ने जापान के कोकी वतानाबे को सीधे गेमों में मात दी। लक्ष्य ने वतानाबे को 21-15, 21-19 से हराया। राउंड ऑफ 16 में भी लक्ष्य ने जापानी खिलाड़ी को हराया था। उन्होंने केंटा सुनेयामा को 21-14, 21- 16 से हराया था।

### सिंधु को पहले दौर में हार मिली

पीवी सिंधु को बुधवार को पहले राउंड में चीन की झांग यी मान ने 21-12, 21-13 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। यह मुकाबला 32 मिनट तक चला था। झांग यी मान ने दोनों गेम आसानी से जीत लिए थे। इससे पहले कोरिया ओपन 2023 में भी उन्हें पहले राउंड में ही हार का सामना करना पड़ा था।

### जापान ओपन का असर पेरिस ओलिंपिक के क्वालिफाइंग रैंकिंग पर पड़ेगा

*जापान ओपन का असर पेरिस ओलिंपिक के क्वालिफाइंग रैंकिंग पर पड़ सकता है। जापान ओपन के रिजल्ट पेरिस ओलिंपिक के क्वालिफाइंग राउंड 2024 की रैंकिंग में गिने जाएंगे। बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो इस साल 1 मई से शुरू हो चुकी है।*

## एक नजर

## देवधर ट्रॉफी...ईस्ट, साउथ और वेस्ट जोन ने जीते मुकाबले

### रियान एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले बैटर



**पांडिचेरी।** रियान पराग की शतकीय पारी के दम पर ईस्ट जोन ने देवधर ट्रॉफी में नार्थ जोन को 88 रनों के अंतर से हराया। इस मुकाबले में रियान पराग एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले बैटर बन गए। दिन के अन्य मुकाबलों में साउथ जोन ने नॉर्थ ईस्ट जोन को 9 विकेट से हराया, जबकि वेस्ट जोन ने सेंट्रल जोन पर एक विकेट की रोमांचक जीत हासिल की। जीत के साथ साउथ जोन 6 टीमों के पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। टीम के पास 3 मैचों के बाद 12 अंक हैं, जबकि ईस्ट जोन इतने ही अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। वेस्ट जोन 8 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। सभी टीमों में टेबल के टॉप-2 पर पहुंचने की होड़ है, क्योंकि टॉप-2 टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा।

### यूसुफ पठान से आगे निकले रियान पराग

असम के रियान पराग एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने 11 छक्के जमाए। रियान ने यूसुफ पठान और श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ा। पठान ने 2010 में वेस्ट जोन की ओर से खेलते हुए नॉर्थ जोन के खिलाफ नौ छक्के लगाए थे। वहीं, श्रेयस अय्यर ने इंडिया बी के लिए इंडिया सी के खिलाफ 2018 में आठ छक्के लगाए थे।

## वर्ल्डड कप में 68 दिन बाकी

### पाक ने अप्रैल-2023 में तैयारी शुरू की, तब से हर सीरीज का मूल्यांकन कर रहे



**इस्लामाबाद।** अक्टूबर में जब चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान क्रिकेट के मैदान में आमने-सामने होंगे, तो दुनिया इन दोनों देशों के करोड़ों फैंस के लिए रुक जाएगी। आईसीसी वर्ल्ड कप नजदीक आने के साथ ही माहौल गर्म होने लगा है। लेकिन सबसे ज्यादा इंतजार 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इन दोनों देशों के मुकाबले का है। टीम इंडिया फिलहाल कॉम्बिनेशन ही तलाश रही है। उसके चौथे नंबर की खोज अब तक पूरी नहीं हो सकी है। साथ ही इस मेगा इवेंट में भारतीय टीम के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी कौन उठाएगा, इसे लेकर भी संशय है। वहीं, पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए अपनी तैयारी अप्रैल में शुरू कर दी थी। जब उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान में पांच वनडे इंटरनेशनल मैच खेले थे।

## फार्मूला-1 इलेक्ट्रिक कार ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

### रेसर ह्यूज ने बिल्डिंग के अंदर 218 KMPH की स्पीड टच की




**लंदन।** मैकलारेन फॉर्मूला ई टीम के रेसर जैक ह्यूज ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। ह्यूज ने लंदन की एक बिल्डिंग के अंदर महिंद्रा रेसिंग के रेसर लुकास डी ग्रासी को हराया और 218 किमी की स्पीड दर्ज की। इंडोर सबसे ज्यादा स्पीड का रिकॉर्ड 168 प्रति घंटा था, जो फरवरी 2021 में दर्ज किया गया था।

### ह्यूज और लुकास के बीच था मुकाबला

ह्यूज और लुकास के बीच ABB FIA फॉर्मूला E वर्ल्ड चैंपियनशिप में मुकाबला हुआ। फॉर्मूला E रेस के लिए क्वालीफाइंग में ड्यूल्स प्रारूप में यह जोड़ी आमने-सामने थी। इसका आयोजन यह देखने के लिए किया गया था कि कौन GENBETA कार का उपयोग करके, केवल 346 मीटर सीधे रेस ट्रैक पर सबसे फास्ट स्पीड सेट कर सकता है। डि ग्रासी ने 218.18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ह्यूज को कड़ी टक्कर दी।

### गूगल ने जेनरेटिव AI पर काम किया

GENBETA कार की टेक्नोलॉजी के अलावा, गूगल क्लाउड ने ड्राइवरों की रेस के विश्लेषण के लिए जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर भी कार में लगाया। इससे रेसर और उनकी ड्राइविंग का एनालिसिस आसान हो जाता है। साथ ही AI रेसर को सुधार के पॉइंट्स भी बताता है।

मैकिन्सी एंड कंपनी के एक्सपर्ट्स अपनी AI शाखा, क्वांटमब्लैक के साथ ड्राइवर इंटरफेस बनाने के लिए डेटा और एनालिटिक्स पर काम किया।

## टी-20 वर्ल्ड कप अगले साल 4 से 30 जून तक

### क्रिकेट इतिहास में अमेरिका को पहली बार मेजबानी, वेस्टइंडीज समेत 10 शहरों में 55 मैच



2024 का टी-20 वर्ल्ड कप 4 से 30 जून तक खेला जाएगा। अमेरिका और वेस्टइंडीज के 10 शहरों में 27 दिन तक 20 टीमों के बीच 55 मैच होंगे। 147 साल के क्रिकेट इतिहास में अमेरिका पहली बार ICC के किसी ग्लोबल इवेंट की मेजबानी करेगा।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने अमेरिका के शॉर्टलिस्ट किए गए 4 शहरों को इंस्पेक्ट कर लिया है, इनमें से 3 को इंटरनेशनल स्टेटस नहीं मिला है। अगले कुछ महीनों में सभी वेन्यू फाइनल कर दिए जाएंगे।

### वर्ल्ड कप होस्टिंग के लिए इंटरनेशनल स्टेटस जरूरी

अमेरिका के 4 शहरों फ्लोरिडा, मोरिसविले, डालास और न्यू यॉर्क को फिलहाल शॉर्टलिस्ट किया गया है। इनमें केवल फ्लोरिडा स्थित लॉडरहिल स्टेडियम को ही इंटरनेशनल स्टेटस मिला है। यहीं अगस्त में भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टी-20 मैच भी खेले जाएंगे। बाकी 3 शहरों को इंटनरेशनल स्टेटस मिलना बाकी है। ICC गाइडलाइन के अनुसार, वर्ल्ड कप होस्टिंग के लिए इंटरनेशनल स्टेटस मिलना जरूरी है।

मोरिसविले (चर्च स्ट्रीट पार्क) और डालास (ग्रैंड पीयर स्टेडियम) में फिलहाल मेजर लीग टी-20 टूर्नामेंट के मैच खेले जा रहे हैं, जबकि न्यू यॉर्क (वैन कोर्टलैंट पार्क इन द ब्रॉन्क्स) में फ्रेंचाइजी या इंटरनेशनल किसी भी लेवल का कोई मैच आयोजित नहीं हुआ। अमेरिकी शहरों में टूर्नामेंट के कुछ मैचों के साथ ज्यादातर वॉर्म-अप मुकाबले होंगे। वहीं वेस्टइंडीज में वॉर्म-अप मैच कम और मुख्य मुकाबले ज्यादा होंगे।

फ्लोरिडा के लॉडरहिल शहर में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच पहला इंटरनेशनल मैच 2010 में खेला गया था।

संसदीय सचिव यू. डी. मिंज ने किया उद्घाटन

# अब जशपुर के पर्यटन स्थल देश देखा में रॉक क्लाइंबिंग के साथ एडवेंचर स्पोर्ट्स की सुविधा भी मिलेगी

**जशपुर जिला पूरे देश में अपनी बायोडायवर्सिटी के कारण अपनी एक विशेष पहचान रखता- यू डी मिंज**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के पहल से जिले में पर्यटन विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज देशदेखा में रॉक क्लाइंबिंग का जिले के चार स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ प्रशिक्षण और अभ्यास का उद्घाटन संसदीय सचिव और कुनकुरी विधायक यू डी मिंज के द्वारा किया गया।





कार्यक्रम केरे किंकेल के सरपंच, बी. डी. सी. जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोखित भगत तथा प्राचार्य विनोद गुप्ता के उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि यू डी मिंज ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को जशपुर जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी देते हुए इस बात को विशेषकर समझाया गया जशपुर जिला पूरे देश में अपनी बायोडायवर्सिटी के कारण अपनी एक विशेष पहचान रखता है उन्होंने जिले के प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर भौगोलिक विशेषताओं को विस्तार से बताया तथा उपस्थित सभी ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए भी आव्हान किया कि देश देखा जशपुर जिले के पर्यटन स्थलों में से एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि आने वाले दिनों में देश और प्रदेश के पर्यटक यहां आएंगे और इस ग्राम पंचायत के लोगों को आर्थिक रूप से भी इसका फायदा मिलेगा। इसलिए जरूरी है कि देश देखा के आसपास के जंगलों को तथा इसके सौंदर्य को सुरक्षित और संरक्षित करने की दिशा में कार्य करते रहें। इस उद्घाटन दिवस पर एडवेंचरस स्पोर्ट्स के एक्सपर्ट पार्थ दत्ता, कोलकता से एवं प्रशिक्षक स्वप्निल के द्वारा क्लाइंबिंग की अनेक मूलभूत जानकारी एवं निर्देश दी गई तथा रॉक क्लाइंबिंग करने हेतु विशेष तकनीक को अभ्यास करके सिखाया गया। साथ ही साथ विभिन्न आत्मानंद स्कूल के बच्चों को रॉक क्लाइंबिंग की ट्रेनिंग दी गई जिसमें स्वामी आत्मानंद विद्यालय जशपुर अंग्रेजी माध्यम एवं हिन्दी माध्यम, मनोरा एवं पतराटोली आत्मानंद विद्यालय सम्मिलित थे। जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को देखते हुए सुरक्षा के अनेक साधन और भोजन की व्यवस्था की गई थी। साथ ही एक्सपर्ट प्रशिक्षकों के द्वारा माउंट क्लाइंबिंग के लिए विशेष इस्तेमाल होने वाली सामग्री के बारे में जानकारी दी गई और बच्चों के तीन घंटों की ट्रेनिंग के पश्चात यह समारोह सम्पन्न हुआ। आज के इस प्रशिक्षण शिविर में केरे किंकेल ग्राम पंचायत के विभिन्न ग्रामवासी भी सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी निभाई।

एक नजर

## कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों में हो रहा मतदाता शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने सारबिला अकादमी बरमकेला में और अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने भटगांव के सारबिला अकादमी में प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मतदाता शपथ ली। इसी कड़ी में एसडीएम मोनिका वर्मा ने सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के सभी तहसीलदारों के साथ शपथ ली। रीपा केंद्र में कार्य कर रहे स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कार्य स्थल में शपथ ली। सभी ने शपथ लिया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदायए भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## तहसील सन्ना में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बीएलओ का आधारभूत प्रशिक्षण आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





तहसील सन्ना में 12 नए मतदान केंद्र गठित होने के पश्चात नए केंद्र में नियुक्त बीएलओ एवं अविहित को आधारभूत प्रशिक्षण दिया गया। बीएलओ ऐप इनस्टॉल कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में कार्य करने हेतु आवश्यक जानकारी दी गयी। इसी तरह तहसील पत्थलगांव में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में कार्य करने हेतु बीएलओ एवं अविहित अधिकारी को आवश्यक जानकारी दी गयी। गौरतलब है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को शुद्ध करने तथा पात्र एवं युवा मतदाताओं,आयु वर्ग 18-19 के युवा नागरिकों के पंजीयन के लिए अर्हता तिथि 01.01.2023 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। जिले के सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि ऐसे नागरिक जिनकी आयु 01.01.2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो रही हो तथा जिनका नाम पूर्व में मतदाता सूची में शामिल न हो पाया हो, वे संबंधित मतदान केन्द्र में फॉर्म-6 जमा कर मतदाता सूची में नाम अवश्य जुड़वाएं। इसके अतिरिक्त डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट एनवीएसपी डाट इन पर जाकर सीधे ऑनलाईन आवेदन भी किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम के तहत बूथ लेबल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर आवेदन का सत्यापन प्राप्त किया जा रहा है। सभी मतदाताओं से यह अपील की जाती है कि वे इस दौरान मतदाता सूची में अपना नाम देखें। यदि उसमें कोई सुधार करवाना हो तो फॉर्म-8 भरकर संशोधन करवाएं। मतदाता सूची की शुद्धता हेतु मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं की जानकारी भी अभिहित अधिकारी को देवें।

# रोका-छेका अभियान के तहत गौठानों में पशु स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

घुमंतू पशुओं को नियंत्रित करने पशुपालकों को दी जा रही समझाइश तथा लगाया जा रहा रेडियम पट्टी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरवा घुरवा और बाड़ी अंतर्गत रोका-छेका अभियान के तहत विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं नया रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। रोका छेका शिविर ग्राम बैगम्बा विकासखंड कांसाबेल, ग्राम पंचायत देवरी, छेरा घोघरा में पशु सखियों द्वारा डी वार्मिंग एवं वैक्सीनेशन किया जा रहा है। पशुपालन विभाग एवं नगर पालिका सीएमओ द्वारा निरंतर घुमंतू एवं आवारा पशुओं पर नियंत्रण करने पशुपालकों को समझाइश दी जा रही है जिससे वे अपने पशुओं को अच्छी तरह देखभाल कर सकें। पहचान के लिए रेडियम पट्टी लगाया जा रहा है। जिससे दुर्घटना से बचाया जा सके। जिले में फसलों को चराई से बचाने एवं पशुओं को गौठानों में नियमित रूप से लाने के लिए जन जागरूकता हेतु रोका-छेका अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही गौठान में पशुओं को एकत्रित कर वर्षा ऋतु में संक्रमण से उत्पन्न बीमारियों जैसे गलघोटू, लंगडी बीमारी जिसे एक टंगिया बीमारी भी कहा जाता है इसके अतिरिक्त लंपी वायरस के संक्रमण रोकने के लिए टीकाकरण के अलावा सूकरो में स्वाइन फीवर, बकरियों में इंटेरोटूक्सिसमीय बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण के साथ पशु उपचार बंध्याकरण, औषधि वितरण एवं कृमि नाशक दवा पान, कृत्रिम गर्भाधान कार्य किए जा रहे हैं। पशुधन विकास विभाग द्वारा शिविर स्थल गौठान में अधिक से अधिक संख्या में अपने पालतू पशुओं को लेकर शिविर स्थल मे लाने अपील की गई है। जिससे रोका-छेका अभियान से किसानों की फसलों को नुकसान होने से बचाया जा सके।

## शैक्षणिक योग्यता में पीजीटी उम्मीदवारों के पास न्यूनतम 50% अंकों के साथ पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री

**रायपुर।** शैक्षणिक योग्यता में पीजीटी उम्मीदवारों के पास न्यूनतम 50% अंकों के साथ पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री और बी.एड होनी चाहिए, टीजीटी के लिए ग्रेजुएट डिग्री और बी.एड और पीआरटी के लिए ग्रेजुएट डिग्री और दो वर्षीय डीएलएड, बीएलएड होनी चाहिए। आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी ने पोस्ट ग्रेजुएट टीचर, प्रशिक्षित ग्रेजुएट टीचर और प्राइमरी टीचर के पदों पर भर्ती आयोजित की है. चयन ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट, इंटरव्यू और टीचिंग स्किल्स के आधार पर किया जाएगा. योग्य कैंडिडेट्स आधिकारिक वेबसाइट awesindia.com पर 10 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं. कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर में संविदा भर्ती हेतु 5 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर में कार्यालय सहायक, रिसेप्शनिष्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर और कार्यालय भृत्य मुंशी अटेन्डेट की संविदा भर्ती हेतु आवेदन 5 अगस्त 2023 की शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर में रखे ड्राप बॉक्स में जमा करना होगा। डाकघर या अन्य माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए जिला न्यायालय के वेबसाईट डिस्क्रिट्स डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन कांकेर से अवलोकन किया जा सकता है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव में संविदा भर्ती हेतु 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव में कार्यालय सहायक, रिसेप्शनिष्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर और कार्यालय भृत्य मुंशी.अटेन्डेट की संविदा भर्ती हेतु आवेदन 10 अगस्त 2023 की शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव पिन 494226 के पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट, स्पीड पोस्ट से भेजकर या व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए जिला न्यायालय के वेबसाईट डिस्क्रिट्स डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इनध्कोंडागांव से अवलोकन किया जा सकता है।

## कुटुंब न्यायालय कोंडागांव की भर्ती हेतु 7 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कुटुंब न्यायालय कोंडागांव में सहायक ग्रेड 3, आदेशिका वाहक, भृत्य और आकस्मिकता निधि के कर्मचारी माली, स्वीपर, चौकीदार, वाटरमेन की भर्ती हेतु कार्यालय न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय कोंडागांव जिला कोंडागांव पिन 494226 के पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट, स्पीड पोस्ट, कोरियर से अंतिम तिथि 7 अगस्त 2023 की शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित हैं। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए जिला न्यायालय के वेबसाईट डिस्क्रिट्स डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन/कोंडागांव से अवलोकन किया जा सकता है। अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# नगर पंचायत बगीचा में जोन स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों के लिए जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में उत्साह, उमंग और ऊर्जा का माहौल है। जिसमें सभी वर्ग के बुजुर्ग, महिलाएं एवं युवाओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों भी ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़े परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक शुरू किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी, फुगड़ी एवं रस्सीकूद में महिलाओं ने विशेष रूचि दिखा रहे हैं। वहीं पुरूषों ने गिल्ली डंडा में अपनी कुशलता प्रदर्शित कर रहे हैं। बच्चों ने खो-खो, भंवरा, बांटी खेलों में खुशी पूर्वक भाग ले रहे हैं। नगरीय क्षेत्रों में भी जोन स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पंचायत बगीचा में जोन स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया गया। तथा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में 16 प्रकार के पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में पारंपरिक खेल प्रतियोगिता में दलीय खेल अंतर्गत गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्सी-कस्सा, बाटी, कंचा एवं एकल खेल अंतर्गत बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद, कुश्ती सहित कुल 16 खेलों का आयोजन किया जा रहा है।



# कंजक्टीवाइटिस आंखों का संक्रमक बीमारी

**जांच एवं उपचार की सुविधा जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जशपुर में संयुक्त प्रयास एवं निर्देशानुसार समान्यतः वर्षात के मौसम में फैलने वाली आंखों की बीमारी जिसे कंजक्टीवाइटिस कहते है गांव में इसे आंख आना या गुलाबी आंख कहते है



इसके मुख्य लक्षण खुजली के साथ-साथ आंख में कीचड़ आता है, आंसू का बहना एवं आंख में चूभन होती है तथा आंख में सूजन एवं साथ में बुखार भी आता है। कंजक्टीवाइटिस अधिकतर बच्चों में होने वाली बीमारी है क्यों कि बच्चें खेलते वक्त दूसरों को संक्रमित करते है। बड़े व्यक्ति इससे कम प्रभावित होते है।

### बचाव एवं रोकथाम-

ऐसे बच्चों को स्कूल एवं हॉस्टल से दो या तीन दिन की छुट्टी दे देना चाहिए क्योंकि बैक्टीरीयल इंनफेक्शन दो या तीन दिनों में कम अथवा खत्म हो जाते है। संक्रमित व्यक्ति के समान एवं कपड़ों का इस्तेमाल न करें। अपने हाथों को साफ रखे एवं हाथ के स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे। संक्रमित व्यक्ति को काला चश्मा जरूर पहनना चाहिए।

### उपचार-

इस बीमारी के बचाव हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर नेत्र रोग विशेषज्ञ से निःशुल्क परामर्श एवं दवाई प्राप्त कर सकते है। तीन दिनों में आराम नहीं मिलने पर किसी अन्य बीमारी की संभावना हो सकती है। अतः ऐसे में नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास दिखाना उचित होता है।

अन्यथा गंभीर स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके जांच एवं उपचार की सुविधा जिला चिकित्सालय एवं सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आंखों की बीमारी से पीड़ित व्यक्ति अन्य किसी व्यक्तियों को तब ही संक्रमित कर सकता है जब वह पीड़ित व्यक्ति आंखों में हाथ लगाने के बाद किसी से हाथ मिलाते है और पीड़ित व्यक्ति से हाथ मिलाने वाला उसी हाथ को अपनी आंखों में लगाते हैं। साथ ही पीड़ित व्यक्ति के रूमाल, टॉवल, उपयोग की गई चादर का इस्तेमाल करने सभी संक्रमण फैलता है। पीड़ित व्यक्ति की आंखों में घूरकर देखने या करीब से गुजरने या साथ बैठने से आंखों की बीमारी बिल्कुल नहीं फैलता है।



# ग्राम पंचायत केशला के प्रभारी सचिव पर बिना कार्य के फर्जी राशि आहरण करने लगा आरोप, ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से की शिकयत

जोहार छत्तीसगढ़–लैलूंगा।




लैलूंगा जनपद पंचायत के केशला ग्राम पंचायत में प्रभारी सचिव मदन मोहन बेहरा पर पंचायत प्रतिनिधियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर से इसकी शिकायत कर जांच कराने की मांग की गई पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है की प्रभारी सचिव ने लगभग आठ लाख रूपये की मोटी राशि का आहरण बिना कार्य कराए फर्जी तरीके से कर लिया है। जो केंद्र सरकार द्वारा 15 वें वित्त की राशि आती है उसमें यह गबन किया गया है विभिन्न कार्यों के नाम से निकाली गई राशि जिसमें प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला भवन मरम्मत, सामुदायिक भवन मरम्मत, पंचायत भवन मरम्मत एवं फर्नीचर सामग्री, क्रय के नाम से फर्जीवाड़ा कर गमन किया गया है। जिस पर जांच की कार्रवाई की मांग पंचायत प्रतिनिधियों ने की है साथ ही साथ पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनों का कहना है मदन मोहन बेहरा ग्राम पंचायत केशला में नहीं के बराबर माह में एक या दो बार ही आते हैं। पूछने पर मेरा मुल पंचायत भूईयापानी है मैं ज्यादा समय केशला में नहीं दे सकता कहा जाता है जिससे आम जनता को सचिव के कार्यों से बहुत परेशानी हो रही है सचिव द्वारा पूरे साल भर में सिर्फ चार या पांच बार ही पंचायत बैठक लिया है वह भी कई माह में एक बार बैठक हो पाती है जिससे हम पंचों को जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती पंचायत सचिव द्वारा पंचायत बैठक में आय-व्यय की जानकारी मांगने पर नहीं दी जाती सिर्फ टालमटोल किया जाता है और बिना प्रस्ताव के फ र्जी राशि आहरण किया जा रहा है जोकि गंभीर अनियमितता का विषय है आपको बताना आवश्यक होगा कि मदन बेहरा पूर्व में भी सन 2015-16 में ग्राम पंचायत केशला में पंचायत सचिव के पद में कार्यरत था उस समय भी सीसी सड़क एवं अन्य कार्यों में अनियमितता बरतने के कारण शिकायत के आधार पर ग्राम पंचायत से हटाया गया था एवं अन्य जनपद में स्थानांतरण किया गया था ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि ग्राम पंचायत केशला के प्रभारी सचिव मदन मोहन बेहरा द्वारा गंभीर एवं अनीमियतता की जा रही है जिससे संवेदनशील जिला अधिकारी से गुहार लगा रहे हैं ऐसे भ्रष्ट सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए गमन की राशि की भरपाई कराई जाए और गरीब जनता के हक का पैसा गरीब जनता के हक में खर्च हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

फर्जीवाड़ा का मामला गंभीर है लेकिन अभी तक मेरे संज्ञान में नहीं आया है।

**वीरेंद्र राय सिंह**, प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत लैलूंगा

## एक नजर

### सैफअली को मिली प्रदेश की बड़ी जिम्मेदारी बनाए गए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव

जोहार छत्तीसगढ़–कुसमी।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा पूरे प्रदेश में प्रदेश कार्यकारिणी की नियुक्ति की गई, जिसमें बलरामपुर जिला के युवा नेतृत्व युवा तुर्क सैफ अली को अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव के पद पर प्रदेश प्रभारी निजामुद्दीन राईन ने प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ आमीन मेमन की अनुशंसा पर नियुक्त किया गया। बलरामपुर जिला में सन् 2005 से हमेशा जनहित का मुद्दा उठाते थे हर वर्ग व समाज के साथ खड़े रहकर लोगों का कार्य करते रहे। इस नियुक्ति पर सैफ अली ने कहा हैं आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में भूपेश बघेल मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक बार पुन: कांग्रेस परचम लहराएगी और छत्तीसगढ़ में किसान, मजदूरों युवाओं की सरकार आएगी। कांग्रेस पार्टी के मजबूती के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे अल्पसंख्यक समुदाय के साथ-साथ हर वर्ग के लोगों तक भूपेश बघेल की जनहित जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे।

# पुलिस मना रही पौधारोपण त्यौहार पोदला उरस्कना

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।







दोरनापाल पुलिस की ओर से पर्यावरण के संरक्षण व पुलिस परिसरों में स्वस्थ वातावरण निर्मित करने के ध्येय से पोदला उरस्कना महोत्सव पौधारोपण उत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को दोरनापाल पुलिस आवासीय परिसर में पौधों का रोपण कर इस अभियान की शुरूआत की गई। इस दौरान विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौरव मंडल, एसडीओपी निशांत पाठक, कोन्टा एसडीओपी रोहित शुक्ला, थाना प्रभारी निलेश पांडे समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। अतिरिक्त पुलीस अधीक्षक गौरव मंडल ने बताया कि सुकमा जिले के अंतर्गत पुलिस एवं सुरक्षाबलों के परिसरों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण निर्मित करने हेतु जिला पुलिस इकाइयों के समस्त कार्यालय, आवासीय परिसर, पुलिस थाना, चौकी, रक्षित केन्द्र एवं सुरक्षा कैंपों में पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण त्यौहार पोदला उरस्कना का नौ दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## विद्वान प्राध्यापक प्रोफेशर मेदनी नायक का निधन पर जिला भाजपा अध्यक्ष ने शोक जताया

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ से सेवानिवृत्त हुए हिंदी के प्राध्यापक ग्राम कुसमरा निवासी प्रोफेसर मेदिनी प्रसाद नायक के। दुखद निधन पर शोक व्यक्त करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने हिंदी के उत्कृष्ट ज्ञाता एवं प्रवक्ता के रूप में ख्यातिलब्ध प्रोफेसर का निधन शिक्षा जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है । आसपास के अंचल सहित पूरे छत्तीशगढ़ में उनका नाम परिचय का मोहताज नही है। राजेश पटेल के पिता प्रोफेसर मेदिनी नायक का नाम शिक्षा जगत के सदैव अमर रहेगा। गुरु गोविंद दोउ खड़े काके लागू पाय बलहारी गुरु आपनो गोविंद दियो बताए दोहे का उल्लेख करते हुए उमेश अग्रवाल ने जिला भाजपा की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए ईश्वर के चरणों में स्थान मिलने की कामना की है।

# भूपेश बघेल के सरकार को अंततः जनता कराएगी जमीन दर्शन-जगेश सिदार

### भाजपा नेता जागेश ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

जोहार छत्तीसगढ़–लैलूंगा।



विधानसभा लैलूंगा के भाजपा नेता जगेश सिंह ने कांग्रेस सरकार के ऊपर घोर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। सरकार में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने काम कुछ नही किया और अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार किया। भाजपा नेता जागेश सिंह ने कहा कि जब से कांग्रेस आई है भ्रष्टाचार और माफिया गिरी लाई है। कांग्रेस की सरकार का भ्रष्टाचार उजागर हो चुका है। छत्तीसगढ़ को लूट कर अपने शाजहां को खुश करना और उनके कदमो में छत्तीसगढ़ वासियो का पैसा रखने का काम अगर कोई कर रहा है तो वो कांग्रेस की भ्रष्ट भूपेश सरकार कर रहा है। साढ़े 4 साल हो चुके चुनाव को घोषणा पत्र में जो वादे किए थे उनमें से एक भी वादे सही से पूरे नहीं किये गए। झूट की पुलिंदों पर डेमेज दीवार में खड़ा है राज्य की सरकार जो कि कभी भी ध्वस्त हो सकती है। सरकार में आने से पहले कांग्रेस ने हाथ मे गंगाजल को लेकर कसम खाई थी। कि शराब बंदी करेंगे शराब बंदी तो दूर की बात है गली गली शराब बेचते कांग्रेस के कार्यकर्ता नजर आते है। 18 लाख गरीबो का आवास रोकना का पाप कांग्रेस की सरकार ने किया है। हिंदुओ के ध्वजा भगवा ध्वज का अपमान किया है। कांग्रेस की सरकार राज्य में पूरी तरह से फेल नजर आ रही है। जनता ने मन बना लिया है कि कांग्रेस को जिस हवा के साथ विश्वास किया था उसी हवा के साथ कांग्रेस की सरकार भी उड़ने वाली है और जमीन दर्शन करने वाली है।

# कुसमी में त्याग और बलिदान के पर्व मुहर्रम पर निकला भव्य ताजिया व अखाड़ा जुलूस

### जुलूस के दौरान या अली या हुसैन के नारों से गूंज उठा कुसमी

जोहार छत्तीसगढ़–कुसमी।





त्याग और बलिदान के पर्व मोहर्रम को लेकर कुसमी के दो समितियों द्वारा शुक्रवार को जुलूस निकाला गया। बाजार पारा मदरसा नूरिया जियाउल कुरान केमटी व रजा यूनिटी फ़ाउंडेश द्वारा 2 बजे मस्जिद से सामरी रोड होते हुए, मुहर्रम जुलूस निकाला गया। व बस्ती से छोटी मस्जिद सुन्नी जामा मस्जिद जुलूस मोहर्रम चौक पहुंचा। जुलूस के दौरान या अली या हुसैन के नारों इलाका गूंज उठा। मुहर्रम जुलूस में इस्लाम धर्मावलंबियों के साथ-साथ विभिन्न धर्म के लोग भी शामिल हुए। तलवार, भाला, गड़ासा, लाठी सहित से कई करतब दिखाए। कहा जाता है कि हजरत इमाम हुसैन अपने परिवार के साथ कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। लेकिन बातील के आगे अपने सिर नहीं झुकाया। इस्लाम को मानने वाले लोग हजरत हुसैन के याद में जुलूस के साथ मैदान ए जंग का दृश्य बड़े ही आकर्षक और अनोखे अंदाज में पेश किया। सभी अखाड़ा कमेटियों का मिलन मुहर्रम चौक पर हुआ। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम किए गए थे। थाना प्रभारी सुनील केरकेट्टा के साथ थाना के सभी कॉन्स्टेबल सहित अन्य पदाधिकारी शांति व्यवस्था बनाने में लगे थे। विधि व्यवस्था को लेकर अनुविभागीय के पदाधिकारी शशिकांत दुबे ने सभी जगहों का जायजा लिया। मौके पर लाठी खेल का प्रदर्शन किया। जुलूस के साथ समुदाय के लोगों ने सजी हुई ताजिया अखाड़ा झंडा लेकर चल रहे थे। साथ ही हैरत अंगेज खेल का प्रदर्शन कुसमी बस स्टैंड कॉपरेटिव बैंक के पास बने मंच के पास किया गया।

*मंच में बाहर से आये मेहमान व कुसमी दोनों समितियों के अध्यक्ष सदर साहब लोगों का रजा फाउंडेशन कुसमी के जानिब से सादाब अंसरी संगठन मंत्री के नेतृत्व पर सभी का इस्तकबाल किया गया। सदर मकबूल, पूर्व सदर जरीफ अंसारी व थाना प्रभारी सुनील केरकेट्टा सहित कमेटी के सभी मेम्बर को इस्तकबाल कर सभी को पगड़ी पहनकर सह सम्मान किया गया। काफी संख्या में लोगों ने जमा होकर इस अवसर पर आयोजित ताजिया अखाड़ा का आनन्द लिया। त्योहार के सफ ल आयोजन को लेकर सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किए गए थे।*

# छत्तीसगढ़ के वंचित आदिवासी समुदायों को भाजपा ने दिया उनका अधिकार नरेंद्र मोदी एवं भाजपा का हृदय से आभार-रोहित सिदार

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

विगत 25 जुलाई को देश भर के 700 जनजातीय समुदाय जिनमें छत्तीसगढ़ की 12 जनजातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने संबंधी विधेयक पारित किया गया। इससे प्रदेश के जनजातीय समुदाय सहित रायगढ़ जिले के वंचित आदिवासी वर्ग हर्ष और उत्साह से झूम उठे । भारतीय जनता पार्टी द्वारा उठाए गए इस कदम की 18 गढ़ सवरा समाज के प्रांताध्यक्ष रोहित कुमार सिदार ने मुक्त कंठ से सराहना करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रदेश के वंचित आदिवासी समुदायों के लिए सर्वोत्तम उपहार करार दिया। रोहित कुमार सिदार ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों और वनवासियों का शुरू से ही ध्यान रखा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई द्वारा जनजातीय समाज के उत्थान एवं समृद्धि के लिए 1999 में एक अलग मंत्रालय का गठन किया गया था। इतना ही नहीं, संविधान के 89 वें संशोधन के जरिए यह सुनिश्चित किया गया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना की जाए ताकि आदिवासियों के हित सुरक्षित रहें । रोहित कुमार सिदार ने कहा कि उसी कड़ी को वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे बढ़ाया है। पिछले 75 सालों से केवल मात्रात्मक गलती की वजह से प्रदेश के 12 जनजातीय समुदाय संविधान द्वारा दिए गए अधिकार और लाभों से वंचित थे और असमानता का दंश सहन कर रहे थे। इस असीम पीड़ा से भारतीय जनता पार्टी ने हमे मुक्ति दिला दी। वही समाज के पूर्व कार्यकारी प्रांताध्यक्ष तेजराम सिदार ने प्रदेश के 12 आदिवासी समुदायों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के निर्णय के लिए भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजजा मंत्री के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा इस निर्णय से हमर वंचित समाज अब मुख्यधारा में शामिल हो गया है। 80 घर सवरा समाज के प्रांताध्यक्ष प्रेमलाल सिदार ने भारतीय जनता पार्टी को आदिवासियों का असली हितैषी बताते हुए कहा कि अब हमें और हमारे जैसे अन्य वंचित आदिवासी समुदायों के लिए शिक्षा एवं रोजगार के नए आयाम खुल गए हैं। हमारे दशकों के संघर्ष का यह परिणाम है जो हमारे लिए विशिष्ट उपलब्धि है। सवरा समाज की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सरिता सिदार ने भाजपा और प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हमारे जैसे वंचित समुदाय को अनुसूचित जनजातियों के लिए संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ मिलेगा। हम और हमारी आनेवाली पीढियां इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आभारी हैं। चंडूलाल सिदार, अध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज, बरमकेला विकास खंड ने वंचित आदिवासी समुदायों को उसका मौलिक अधिकार प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय जनजाति कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा तथा केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह को साधुवाद दिया। गौरतलब है कि प्रदेश के वंचित आदिवासी समुदायों ने अपने अधिकार के लिए दशकों तक संघर्ष किया है। बहुत हैरत की बात है कि प्रदेश में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र का दर्जा प्राप्त विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो जनजाति भी अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से बाहर थी। कांग्रेस के लंबे शासनकाल में भी इस विसंगति को दूर नहीं करना विडंबना मात्र है। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में भारत के संविधान में अनुच्छेद 342 के अंतर्गत अधिसूचित अनुसूचित जनजाति की सूची का संशोधन किया गया है। इसके अनुसार भारिया भूमिया के समानार्थी भुइंया, भुइयां, भूयां,धनवार के समानार्थी धनुहार धनुवार नगेसिया, नागासिया के समानार्थी किसान, सावर, सवरा के समानार्थी सौंरा, संवरा,धांगड, बिंझिया कोडाकू, कोड़ाकू,कोंध, कोंद,भारिया, भरिया,पंडो, पण्डो गोंड, गोंड़,गदबा को जनजाति वर्ग में शामिल किया गया है। इस अवसर पर नारायण प्रसाद नैरोजी, उचीतराम सिदार, लकेश्वर श्याम, टीकाराम भोय, रामकुमार सिदार, उपेंद्र भोय, ब्रूस केतु भोय, नारद भोय, नित्यानंद सरल, मोहित सिदार, कीर्तन सवारा, बलराम सवरा, जनक राम सवारा, पूरन सिदार आदि समाज के गणमान्य नागरिकों ने समवेत स्वर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### 50 से 60 विधायकों का सहमति व समर्थन पत्र हुआ फेल

# स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ का रायपुर हाई स्कूल में 30 जुलाई को बैठक का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।



छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ का प्रदेश स्तरीय बैठक रायपुर स्थित मठपुरैना हाई स्कूल में 30 जुलाई को दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा मांगों को अनुपूरक बजट में शामिल करने के लिए भेजा गया था प्रस्ताव अनुपूरक बजट में मांगे पूरी नहीं होने पर नाराज 50 से 60 विधायकों के द्वारा समर्थन, सहमति पत्र जारी करने के बाद भी मांगे अधूरी मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए मंत्री, विधायकों,कांग्रेस नेताओं से कर चुके हैं आवेदन निवेदन। बैठक में प्रदेश के प्रांतीय पदाधिकारी और जिला पदाधिकारी शामिल होंगे। विधानसभा और ब्लॉक स्तर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं जाने को लेकर ले सकते हैं बड़ा फैसला गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में 12 वर्षों से साफ-सफाई का काम कर रहे हैं। 2 घंटे काम के एवज में केवल 2500 रुपए मानदेय भुगतान किया जाता है। परंतु स्कूलों में संस्था प्रबंधन के द्वारा दबाव पूर्वक 8 घंटे काम लिया जाता है। स्कूलों में 8 घंटा काम नहीं करने पर काम से निकालने की धमकी दिया जाता है। इस महंगाई भरे दौर में 2500 में अपने परिवार का भरण पोषण नहीं कर पाते हैं। कर्ज के सहारे जीवन व्यतीत करने को मजबूर रहते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा संघ की मांगों को अनुपूरक बजट में शामिल करने के लिए भेजा गया था प्रस्ताव बजट में मांग को शामिल नहीं करने पर कर्मचारी आक्रोशित हैं। संघ की मांगों को लेकर 50 से 60 विधायकों के द्वारा सहमति, समर्थन पत्र भी जारी किया गया है उसके बाद भी राज्य सरकार के द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। संघ के मांगों को लेकर 2018 के विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र अध्यक्ष के द्वारा लिखित और मौखिक रूप से संघ की मांगों को पूरा करने का वादा किया गया था। परंतु कांग्रेस की सरकार को साढे 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी मांगे पूरी नहीं हो पाई है। संघ ने सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए। रायपुर में 30 जुलाई को प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाई है। बैठक में विधानसभा और ब्लॉक स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं जाने को लेकर प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रस्ताव पर सहमति बनने पर गांव गांव में बैनर, पोस्टर, दीवाल लेखन तथा मतदाताओं से संपर्क करेंगे साथ में अन्य संगठन के कर्मचारियों को भी साथ में लेकर अभियान को सफल बनाया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चरखापारा जनपद पंचायत धरमजयगढ़ जिला -रायगढ़ ( छ.ग. )**

क्रमांक /23/बाजार नीलामी/चरखापारा दिनांक 27/07/2023

**ईश्तहार**

**-: मावेशी बाजार नीलामी सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत चरखापारा के प्रस्ताव क्रमांक 01 दिनांक 27/08/2023 के अनुसार मवेशी बाजार नीलामी वर्ष 2023-24 दिनांक 01 अगस्त 2023 से दिनांक 31 मार्च 2024 तक के लिए ग्राम पंचायत चरखापारा में नीलामी दिनांक 03/08/2023 को समय 12:30 बजे से होगी जो व्यक्ति बोली में भाग लेना चाहते हैं वे नीचे दर्शायी गई अमानत राशि जमा कर भाग ले सकते हैं, जिस व्यक्ति के नाम पर नीलामी खत्म होगी उनकी जमा की गई अमानत राशि जमा लेकर अंतिम किस्त में समायोजित कर दी जावेगी। बोली का 45 प्रतिशत राशि तत्काल जमा करना होगा तथा शेष बचत राशि को 30 दिन के अंदर जमा करना होगा जमा नहीं करने पर ठेका स्वत: समाप्त मानी जावेगी। इसका अलग से सूचना ठेकेदार को नहीं दिया जायेगा। मवेशी बाजार के लिए एक लाख रूपया नगद व एक लाख की सालवेन्सी के जमा करने पर ठेकेदार नीलामी में भाग ले सकता है, सालवेन्सी नहीं होने पर सालवेन्सी के जगह पर एक लाख नगद जमा कर बोली में भाग ले सकते है। अर्थात दो लाख (नगद एवं सालवेन्सी) नगद जमाकर ठेकेदार नीलामी में भााग ले सकता है।

**नियम व शर्ते**

1. ठेका हेतु बोली में अमानत राशि किसी प्रकार का चेक/बैंक ड्रापट स्वीकार नहीं होगा।
2. निलामी बोली राशि से कम होने की स्थिति में अधिकतम बोली की राशि को स्वीकृति का अधिकार ग्राम पंचायत के सरपंच को होगा।
3. बाजार का संचालन शासकीय नियमों के आधार पर संचालन करना होगा।
4. मवेशी प्रति नग 100 रूपये निर्धारित दर से बाजार संचालन करना होगा।

**सचिव** ग्राम पंचायत चरखापारा — **सरपंच** ग्राम पंचायत चरखापारा

# इक्कीसवीं सदी के भारत में छत्तीसगढ़ का हाल बेहाल



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**आज भी लकड़ी के पुल से होता आवागमन**

इक्कसवी सदी का भारत देश विदेश में अपनी लोहा मनवा रहा है। भारत देश दिन प्रतिदन नई-नई इबारत लिख रहा है। आर्थिक, सामरिक, रक्षा जैसे विभिन्न से क्षेत्रों में बड़े बड़े देशों को पछाड़कर आगे निकल रहा है। लेकिन छत्तीसगढ़ में सड़क, बिजली, पानी जैसे मुलभुत आवश्यकताओं का भी हाल बेहाल है। आज भी लोग मनरेगा से निर्मित सड़क के बीच में नाला में लकड़ी का पुल बनाकर आवागमन करने को मजबूर हैं। यह लकड़ी का पुल, रूवाफू ल ग्राम पंचायत मुख्यालय से 4 किमी दूर जूनवानी पारा से कसेर डुगरू का है। इन दिनों इस लकड़ी के पुल के टूट जाने से यहां आने जाने में होती है ग्रामीणों को काफ ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय में ग्रामवासियों ने बताया की ना कोई गाड़ी आ सकती है ना जा सकती है। जिसके वजह से गर्भवती या बीमार महिलाओं ग्राम वासियों को स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि कई बार शासन-प्रशासन से मांग की गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। इसी तरह यहां हर घर स्वच्छ पेयजल मिशन का भी हाल बेहाल है। घर घर नल तो लग गया है लेकिन जल का पता नहीं है। इस विषय में जुमन राठिया ने बताया कि इसका ठेकेदार हाड़ी डेकची छोड़कर भाग गया है। यह गांव विकास खंड मुख्यालय से तीस किलोमीटर दूर दुरस्त वनांचल में बसा है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का महिला मोर्चा सक्ती में किया पुतला दहन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



जिला मुख्यालय सक्ती में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला सक्ती के जिलाध्यक्ष कमलेश जांगड़े के आह्वान पर महिला मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा का एर्राबोर के पोटाकेबिन में 6 वर्ष की नाबालिक छात्रा से दुष्कर्म की घटना को लेकर पुतला दहन किया गया पुतला दहन करते समय महिलाओं का पुलिस कर्मी के साथ झुमा झपटी हुई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. खिलावन साहू, वरिष्ठ नेता रामअवतार अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश याद,नगर मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, महामंत्री गोविंद देवांगन, जिला मंत्री घनश्याम साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम पटेल, रत्ना देवी साहू, रूपा देवी सिंह देव पुष्पेंद्री कसेरा, अनीता यादव,नीरा देवी साहू, पूनम साहू,गायत्री साहू, अभिषेक शर्मा, गौतम शर्मा, कृष्ण कुमार गवेल, दीपक गुप्ता,चितरंजन पटेल,आदित्य अग्रवाल, सूरज देवांगन, बसंत सूर्या, उमाशंकर साहू, सोमेश सोनी, योगेश साहू अभिषेक गवेल, सीता बरेठ तुलसी साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**एक नजर**

# सक्ती विधानसभा क्षेत्र में यादव समाज ने प्रमुख पार्टी से मांग की टिकट की

*यादव समाज ने भाजपा से की मांग भुवन भास्कर यादव को सक्ती से बनाया जाए प्रत्यासी

जोहार छत्तीसगढ़ - सक्ती।



विधानसभा क्षेत्र सक्ती में यादव समाज ने की प्रमुख पार्टी से प्रत्यासी बनाने की मांग सक्ती विधानसभा क्षेत्र में यादव समाज के लगभग 17 हज़ार से अधिक वोटरों की संख्या है। यदि प्रमुख पार्टी भाजपा या कांग्रेस दोनों में जो भी यादव समाज को अपना प्रत्याशी बनाती है तो सीधा समाज होने के कारण लोगों का झुकाव इस समाज की ओर रहेगा भारतीय जनता पार्टी से प्रमुख नाम है सारांगाव निवासी भुवन भास्कर यादव जो पूर्व में मंडल अध्यक्ष, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष, वर्तमान में जिला मंत्री का दायित्व पर रहते हुए पार्टी का प्रत्येक कार्य के बखूवी निभाते हैं।सरल स्वभाव के होने के कारण लोगों से संपर्क में बने रहते हैं। यदि पार्टी उन्हें प्रत्यासी बनातीं है तो परिणाम अच्छे होंगे। समाज के लोगों ने भुवन भास्कर यादव को प्रत्याशी बनाने की मांग उठाई।

# खराब सड़कों की समस्या को लेकर जैजैपुर जनपद उपाध्यक्ष उमाशंकर चन्द्रा ने जिला कलेक्टर से की मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।



जनपद पंचायत क्षेत्र अंतगर्त ग्रामीण इलाकों की सड़कों की बदहाली इतनी बड़ गई कि चलने के लायक नहीं रहा आये दिन खराब सड़कों के कारण अनचाही घटनाओं का शिकार राहगीरों को करना पड़ता बूढें बुजुर्गों और छात्रों को भारी परेशानियों का सामना कर सड़को से होकर गुजरना पड़ता है। सड़कों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि आवागमन करने वाले राहगीरों को रास्ता बदल कर सफ र करना पड़ रहा है। बरसात के इस सीजन में सड़कों पर बड़े.बड़े गढ़ों के कारण दोपहिया वाहन सहित कार चालकों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिससे क्षेत्र के जनताओं से लेकर छात्र-छात्राओं व किसानों के लिए जंजाल साबित हो रहा है। बात दे दर्राभाठा से खम्हरिय भोथिया, सलनी, मलनी, मुलीडीह जिला मुख्य सड़क को जोड़ती है जिसके बाउजूद अनेकों बार सड़क मरम्मत के लिए जनपद उपाध्यक्ष उमाशंकर चन्द्रा द्वारा बदतर सड़क की स्थिति सुधारने के लिए प्रयास किया जा चुका है। ज.प. उपाध्यक्ष ने जिला कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना से चर्चा कर आग्रह किया कि भोथिया से झालरौंदा कोसमपाली, आमपाली, की स्थिति बेहद ही दैनीय हो चुकी है की जिसकी मरमत करना अतिआवश्यक होगी है। जिससे आवागमन में राहगीरों को राहत मिल सके साथ ही भोथिया तहसील के अंतिम प्रकाशन के लिए भी चर्चा की गई।

# बेरला में 100 से ज्यादा घुमंतू मवेशियों को गौठान में भेजा गया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





बेमेतरा जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र की सड़कों चौराहों,तिराहों दिखने वाले आवारा घुमंतू पशुओं को गौठानों में भेजने का सिलसिला शुरू हो गया है। नगर परिषद और नगर पंचायत प्रशासन ने अभियान शुरू कर दिया है। बेरला नगर पंचायत में आज रोका छेका अभियान के तहत आवारा घुमंतू 100 से ज्यादा मवेशियों को गौठान में भेजा गया है। उनके लिए चार-पानी की भी व्यवस्था है। सीएमओ नगर पंचायत बेरला वनिष दुबे ने बताया कि पशु मालिकों से भी कहा जा रहा है कि अपने अपने पशुओं को आवारा नहीं छोड़ें, ताकि आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। यदि पशुपालकों ने ऐसा नहीं किया तो उनके खिलाफ नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों की बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि सड़कों पर पालतू पशु आवारा मवेशियों हटाने और उनकी समुचित खाने-पीने, रहने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह हम सब का नैतिक दायित्व है। इस संबंध में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश पालन करने कहा। बैठक के बाद कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने जिले के सभी नगर पालिका, परिषद,नगर पंचायत,जनपद सीआईओ और संबंधित अधिकारियों को त्वरित अमल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पशु मालिकों से अपील कि अपने पशुओं को बांध कर रखे। ताकि इनकी वजह से होने वाली दुर्घटना से बचा जा सके। पशुओं के सड़क पर घूमने, बैठने से सड़क दुर्घटना होती है। जिससे लोगो और पशुओं की जान भी चली जाती है।

# किसकी नैया डूबेगी किसकी नैया होगी पार निषाद समाज दखल करेगी विधानसभा चुनाव में

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।



बेमेतरा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज राजकुमार निषाद ने ली।हिन्दू धर्म की आराध्य व प्रात: स्मरणीय भगवान श्रीराम राम और गुहा निषाद राज का मित्रता की बात क्यों भुल जाते हैं लोग, क्या लोगों को इतना भी पता नहीं की जो बैतरणी को पार कराने वाले भगवान श्रीराम जिनको गुहा निषाद राज ने नदी पार कराया था। और भगवान श्रीराम को विजय दिलाने अपनी बहुमूल्य योगदान दिया था।ठीक उसी प्रकार आज भी जिस पार्टी के जरिए अपनी नैया में बिठाएगा उनकी नैया आगामी विधानसभा चुनावों 2023-24 में विजय का शंखनाद कर पायेगा। यह निषाद राज का ऐलान है। समय रहते हमारे समाज को भी अवसर जब तक नहीं मिलेगा तब तक कोई भी अपनी सरकार नहीं बना पायेंगे।निषाद समाज हर स्तर पर ताल ठोक कर करेंगे चुनावी जन सभा ।लोकतांत्रिक व्यवस्था में बदलाव और परिवर्तन ही हर समाज की पारिवारिक व सामाजिक सुधार को बढ़ाने का काम करता है। साथ अपना मुखिया चुनने का अवसर प्रदान करता है। लगातार निषाद समाज को कुछ नामी बहुचर्चित नेता व छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री तथा कृषि मंत्री द्वारा निषाद समाज को एक विलुप्त समाज व अस्तित्व विहिन समाज कहकर पूरे निषाद समाज की भावनाओं को आहत करने का काम किया है। जिससे क्षुब्ध होकर अपनी पैरवी इस बार आगामी विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 - 24 के होने वाले छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में सबक सिखाने का काम निषाद समाज करेगा अपनी प्रबल दावेदारी के रूप में 25 विधानसभा क्षेत्र में अपना प्रत्याशी खड़ा करने की बात कही।निषाद समाज हमेशा दूसरे लोगों की नैया पार कराने को अपनी सेवा समझते थे। किन्तु सत्ता पर पहुंचते ही लोग निषाद समाज को अस्तित्व विहिन समाज तथा विलुप्त समाज कहने लगे हैं। इन सत्ता में मदहोश नेताओं की नैया डुबाने इस बार निषाद समाज पार्टी खुलकर आगे आयेगा और जो निषाद समाज को वंचित समाज में गिनती करने लगे।वे सार्वजनिक तौर पर निषाद समाज से माफी मांगे। यह भूल गए हैं कि महानदी शिवनाथ नदी के पूरी आसपास में निषाद समाज का बहुतायत रहते मे है। जिस पार्टी को निषाद समाज का समर्थन मिल जाए तो उनको विजय प्राप्त करने में किसी प्रकार से कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी। उनकी नैया अवश्य ही पार होगी और जो भुल कर सत्ता के नशें में मदमस्त होकर अहंकारी हो गये है। उनकी नैया इस बार निषाद समाज पार नहीं होने देंगे कहा राजकुमार निषाद प्रदेश अध्यक्ष निषाद पार्टी छत्तीसगढ़।

# फरसाबहार ब्लॉक में 20 ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, मितानिन कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने का लिया संकल्प

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

ब्लाक फ रसाबहार अंतर्गत कुल 20 ग्राम पंचायत जहा अधिक कुपोषण है चिन्हांकित कर सरपंच, सचिव को ग्राम पंचायत में जितने कुपोषित बच्चे है सुपोषित करने का लिया संकल्प और कुपोषित बच्चों को सप्ताह में दो दिन केला, अंडा, दूध और खिचड़ी खिला कर सुपोषित करने की जिम्मेदारी उठाया है साथ ही साथ कमजोर बच्चों के माता-पिता व घर के अन्य सदस्य भी बच्चें की व्यक्तिगत साफ-सफाई, घर में भी संतुलित भोजन खिलाने पर विशेष ध्यान देने की समझाईश दी गई। ग्राम पंचायत पुरैनबंद के सरपंच, सचिव, मितानिन, पंचगण ने अभिभावक से अपेक्षा करते हुए कार्यक्रम सप्ताह में दो दिन रखने सुझाव दिया गया। प्रोजेक्ट टपकरा दो अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनबंध कुपोषित बच्चें 15 है। कार्यक्रम आयोजित कर पोषण आहार के संबंध में जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत अमडीहा में कुल 30 बच्चों को अंडा, दूध, केला,



खिचड़ी खिला कर सुपोषित करने की जिम्मेदारी लिया गया है। अमडिहा सरपंच के द्वारा भी दो माह तक सप्ताह में दो दिन विशेष पौष्टिक भोजन खिला कर सेवा देना प्रारंभ किया है। गौरतलब है कि जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने, 0-5 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने, जनभागीदारी को बढ़ावा देने और एनिमिया मुक्त अभियान को सफल बनाने सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है।

कुपोषण स्तर में कमी एवं बेहतर क्रियान्वयन के लिए ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति का गठन किया गया है जो स्वास्थ्य जागरूकता में सुधार और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समुदाय की पहुंच, विशिष्ट स्थानीय जरूरतों को पूरा करने और समुदाय आधारित योजना और निगरानी के लिए एक तंत्र के रूप में कार्य करने का एक मंच है। जो गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए बना मददगार साबित हो रहा है। कुपोषण को दूर करने के अधिकारियों द्वारा अपने चिन्हांकित गांव में जाकर सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधियों, पर्यवेक्षक, एएनएम, मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थित में सुपोषण चौपाल लगाकर बच्चों के पालकों को जागरूक किया जा रहा है। जिसमें सरपंच, पंच, स्थानीय प्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभा रहे है।

# भाजपा युवा मोर्चा का नव मतदाता महासंपर्क अभियान शुरू



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व द्वारा नए मतदाताओं से संपर्क करने अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके लिए जिला, मंडल से बूथ स्तर तक प्रभारी की नियुक्ति की गई है। मंडल धरमजयगढ़ में भी नव मतदाता महासंपर्क अभियान की शुरुआत की गई। मतदान केंद्र जमरगी डी में युवा मोर्चा द्वारा इसकी शुरुआत हुई।

जिसमें रायगढ़ जिला प्रभारी सन्नी केसरी, विधानसभा प्रभारी शिव भगत, जिला उपाध्यक्ष शशि पटेल द्वारा युवाओं संबोधित कर भाजपा की रीति नीति बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संतोष राठिया, महामंत्री अनिल पांडेय युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लीलम्बर यादव, महामंत्री सौरभ राजपूत, उपाध्यक्ष राज पटेल, मंत्री अजय राठिया, चमरी महंत, कुडूमकेला मंडल अध्यक्ष गगन राजपुत, नरेश राठिया बूथ अध्यक्ष विजय राठिया, भोला पटेल, बाबूलाल राठिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बलात्संग की प्रार्थियां को मिली रिमांड स्तर पर जमानत

## युवा अधिवक्ता प्रदीप कुमार राठौर एवं रौनक गौतम ने की मुकदमे की पैरवी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**अपराध क्रमांक 307/23 में सहआरोपी बलात्संग की प्रार्थिया को मिली रिमांड स्तर पर जमानत न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए 376,पाक्सो जैसी गम्भीर धाराओं के होते हुए भी जमानत का लाभ प्रदान किया है।**



26 जुलाई 23 को उक्त मुकदमे की पैरवी रायगढ़ जिले के युवा तर्क अधिवक्ता प्रदीप कुमार राठौर और रौनक गौतम ने उक्त मामले की पैरवी की अधिवक्तागण ने बताया कि 19 नवम्बर 2023 को पुलिश थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 1473/2022 दर्ज हुआ था जिसमे प्रार्थिया के ऊपर लगातार उक्त दर्ज अपराध को वापस लेने और राजीनामा करने हेतु आरोपीगण द्वारा लगातार धनबल और बाहुबल का प्रयोग किया जा रहा था एवं साथ ही



झूठे बलात्कार के मामले में फ ंसाने की धमकी दी जा रही थी किंतु प्रार्थिया के ऊपर उनके दबाव का कोई प्रभाव नहीं पड़ा अपितु प्रार्थिया ने उक्ताशय की शिकायत 19 अप्रैल 23 को मा.न्यायालय के समक्ष की जहा. यायालय द्वारा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रार्थिया एवं उसके परिवार जनों की सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया लेकिन इसके उलट प्रार्थिया के भाई के ऊपर ही 376 पाक्सो का मामला दर्ज करा दिया गया और प्रार्थिया को सह आरोपी के रूप में उक्त प्रकरण में संलिप्त कर दिया गया उक्ताशय की शिकायत प्रार्थिया के द्वारा अनुसूचित जनजाति राष्ट्रीय आयोग के समक्ष की है जिस पर आयोग मामले की जांच कर रही है इसी बीच प्रार्थिया को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया युवा अधिवक्ता प्रदीप



कुमार राठौर और रौनक ठाकुर ने मामले के सभी तथ्यों से न्यायालय को अवगत कराते हुए दमदार तरीके से उपरोक्त मुकदमे की पैरवी की जिससे प्रार्थिया को रिमांड स्तर पर ही जमानत का लाभ मिला बहरहाल अभी दोनों मामले मा. न्यायालय के समक्ष लम्बित हैं तथा अंतिम निराकरण होना अभी बाकी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in